**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या-136**
**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**परभणी जिले में पीएम-सौभाग्य योजना की स्थिति**

***136. डॉ. फौजिया खान:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) "प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना" (पीएम-सौभाग्य) के अंतर्गत महाराष्ट्र के परभणी जिले में आरंभ किए गए कार्य का स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रधानमंत्री-सौभाग्य योजना के अंतर्गत परभणी जिले में कितनी ग्राम सभाओं की पहचान की गई है तथा कितने स्थानों पर कार्य पूरा कर लिया गया है और कितने स्थानों पर अभी कार्य पूरा किया जाना बाकी है; और

(ग) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त प्रयोजनार्थ कितनी निधि संस्वीकृत, जारी अथवा/और खर्च की गई है और परभणी जिले में किन-किन अभिकरणों को उक्त कार्य ग्राम-वार और कार्य-वार प्रदान किए गए हैं?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (ग)** : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*************

<u>**विवरण**</u>

**"परभणी जिले में पीएम-सौभाग्य योजना की स्थिति" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 136 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

*************

**(क) :** भारत सरकार ने महाराष्ट्र के जिला परभणी (जिसे प्रभावती नगर के नाम से भी जाना जाता है) सहित देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी इच्छुक गैर-विद्युतीकृत घरों और शहरी क्षेत्रों में सभी इच्छुक गरीब घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदान करके सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से अक्तूबर, 2017 में प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना-सौभाग्य शुरु की थी। महाराष्ट्र राज्य ने दिनांक 31.03.2019 तक की स्थिति के अनुसार परभणी जिले सहित राज्य में सभी इच्छुक गैर-विद्युतीकृत घरों के 100% विद्युतीकरण की सूचना दी है। महाराष्ट्र की राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार परभणी जिले में सौभाग्य स्कीम के अंतर्ग किए गए कार्यों का ब्यौरा **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

**(ख) :** राज्य ने सूचना दी है कि परभणी जिले में कुल 466 ग्राम सभाएं अभिचिन्हित की गई हैं। परभणी जिले में स्कीम के तहत सभी कार्य पूरे हो गए हैं। जारी किए गए कनेक्शनों का गांव-वार और शहर-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

**(ग) :** सौभाग्य स्कीम के अंतर्गत, संबंधित राज्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए गैर-विद्युतीकृत घरों के आंकड़ों के आधार पर राज्यों को परियोजनाएं संस्वीकृत की जाती हैं; और इस प्रकार भारत सरकार द्वारा कोई भी राशि जिला-वार संस्वीकृत/निर्मुक्ति नहीं की जाती है। सौभाग्य स्कीम के अंतर्गत कार्यों को कार्यान्वित करने के लिए महाराष्ट्र राज्य के लिए 405.90 करोड़ रुपये की राशि संस्वीकृत की गई थी और परभणी जिले सहित राज्य में अतिरिक्त अवसंरचना के लिए डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत 368.9 करोड़ रुपये संस्वीकृत किए गए थे। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान संवितरित राशि निम्नानुसार है:

**करोड़ रुपये में**

| स्कीम | संस्वीकृत राशि | परियोजना लागत (समापन रिपोर्ट के अनुसार) | वर्ष 2018-19 से 2021-22 (दिनांक 31.01.2022 तक) के दौरान निर्मुक्त अनुदान | | | | | उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | कुल | |
| सौभाग्य | 405.90 | 363.30 | 139.60 | 43.40 | - | 19.10 | 202.00 | 100% |
| अतिरिक्त अवसंरचना | 368.9 | 313.00 | 165.47 | - | - | 21.34 | 186.82 | 100% |
| **कुल** | **774.8** | **676.30** | **305.07** | **43.40** | **-** | **40.44** | **388.82** | **100%** |

परभणी जिले में सौभाग्य स्कीम के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्यों का कार्यान्वयन महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) द्वारा किया गया है और राज्य ने 4.45 करोड़ रुपये के व्यय की सूचना दी है। जिन एजेंसियों ने परभणी जिले में उक्त कार्य किया है, उनके नाम **अनुबंध-III** में दिए गए हैं।

*************

<u>**अनुबंध-I**</u>

**"परभणी जिले में पीएम-सौभाग्य योजना की स्थिति" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 136 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

महाराष्ट्र के परभणी जिले में सौभाग्य स्कीम के अंतर्गत किए गए कार्यों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

1. गांवों संख्या - 466
   ग्रामीण ग्रिड घर :
   बीपीएल- 429
   बीपीएल के अलावा - 7577
   कुल - 8006
2. शहरी ग्रिड घर
   शहरों की संख्या - 7
   बीपीएल- 92
   बीपीएल के अलावा - 286
   कुल- 378

3. अवंसरचना
   डीटीसी - सं. 46
   11 केवी लाइन - 11.76 किमी
   एलटी लाइन - 36.82 किमी

*************

**अनुबंध-II**

**"परभणी जिले में पीएम-सौभाग्य योजना की स्थिति" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 136 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**सौभाग्य स्कीम के अंतर्गत परभणी में कनेक्शन**

| क्रम सं. | सर्किल | जनगणना कोड | गांव | बीपीएल | बीपीएल के अलावा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परभणी | 545763 | चंगेफाल | 0 | 12 | 12 |
| 2 | परभणी | 546018 | औंधा नागनाथ | 8 | 19 | 27 |
| 3 | परभणी | 546420 | बोर्किनी | 0 | 8 | 8 |
| 4 | परभणी | 546429 | गिरगांव केएच | 0 | 2 | 2 |
| 5 | परभणी | 546430 | गिरगांव बीके | 0 | 6 | 6 |
| 6 | परभणी | 546431 | देवगांव (नंदगांव) | 0 | 1 | 1 |
| 7 | परभणी | 546432 | कुंभारी (परगने चरथाना) | 0 | 6 | 6 |
| 8 | परभणी | 546435 | रायपुर | 0 | 5 | 5 |
| 9 | परभणी | 546436 | निर्वाडी बीके | 0 | 3 | 3 |
| 10 | परभणी | 546438 | बोथ | 1 | 0 | 1 |
| 11 | परभणी | 546440 | चिखलथाना केएच | 0 | 3 | 3 |
| 12 | परभणी | 546441 | ज्वाला जीवाजिक | 0 | 18 | 18 |
| 13 | परभणी | 546443 | सोनवती | 0 | 1 | 1 |
| 14 | परभणी | 546445 | मोरेगांव | 0 | 16 | 16 |
| 15 | परभणी | 546449 | पिंपरी बके | 0 | 1 | 1 |
| 16 | परभणी | 546451 | सालेगांव | 0 | 5 | 5 |
| 17 | परभणी | 546452 | खेरदा दुधाना किनारा | 0 | 5 | 5 |
| 18 | परभणी | 546453 | हतनूर | 0 | 5 | 5 |
| 19 | परभणी | 546455 | पिंपलगांव (गोसाई) | 0 | 15 | 15 |
| 20 | परभणी | 546456 | रावहा | 0 | 1 | 1 |
| 21 | परभणी | 546460 | वालौर | 1 | 46 | 47 |
| 22 | परभणी | 546462 | राजुरा | 15 | 16 | 31 |
| 23 | परभणी | 546464 | कन्हड़ | 0 | 2 | 2 |
| 24 | परभणी | 546465 | हट्टा | 0 | 6 | 6 |
| 25 | परभणी | 546466 | तंदुलवाड़ी | 0 | 1 | 1 |
| 26 | परभणी | 546468 | कुप्टा | 0 | 13 | 13 |
| 27 | परभणी | 546471 | अम्बेगांव डिगेर | 0 | 1 | 1 |
| 28 | परभणी | 546472 | सोन्ना | 0 | 5 | 5 |
| 29 | परभणी | 546473 | शेलवाड़ी | 0 | 1 | 1 |
| 30 | परभणी | 546474 | गवाह | 0 | 1 | 1 |
| 31 | परभणी | 546477 | करजखेड़ा | 0 | 3 | 3 |
| 32 | परभणी | 546479 | सिराला | 0 | 3 | 3 |
| 33 | परभणी | 546481 | वाकी | 0 | 1 | 1 |
| 34 | परभणी | 546482 | हडगाँव केएच | 1 | 26 | 27 |
| 35 | परभणी | 546483 | रावलगांव | 22 | 33 | 55 |
| 36 | परभणी | 546484 | म्हालसापुर | 0 | 2 | 2 |
| 37 | परभणी | 546485 | कुंडी | 0 | 3 | 3 |
| 38 | परभणी | 546486 | देवलगांव गेट | 0 | 22 | 22 |
| 39 | परभणी | 546487 | गोहेगांव | 0 | 1 | 1 |
| 40 | परभणी | 546488 | अहेर बोरगांव | 0 | 18 | 18 |
| 41 | परभणी | 546490 | शिंदे तक्ली | 0 | 4 | 4 |
| 42 | परभणी | 546491 | नर तक्ली | 0 | 2 | 2 |
| 43 | परभणी | 546492 | दसला | 0 | 25 | 25 |
| 44 | परभणी | 546493 | लदनंद्र | 0 | 46 | 46 |
| 45 | परभणी | 546495 | राधे धामनगांव | 0 | 1 | 1 |
| 46 | परभणी | 546498 | टिडी पिंपलगांव | 0 | 1 | 1 |
| 47 | परभणी | 546499 | डिग्रास बीके | 0 | 10 | 10 |
| 48 | परभणी | 546501 | काजली रोहिना | 0 | 9 | 9 |
| 49 | परभणी | 546502 | राजा | 0 | 2 | 2 |
| 50 | परभणी | 546504 | ब्राह्मणगांव पी.एफ. | 0 | 21 | 21 |
| 51 | परभणी | 546505 | दुगरा | 0 | 1 | 1 |
| 52 | परभणी | 546506 | कराडगांव | 0 | 16 | 16 |
| 53 | परभणी | 546507 | कवधान | 0 | 4 | 4 |
| 54 | परभणी | 546508 | निपानी तकली | 0 | 29 | 29 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | परभणी | 546512 | जोडगाँव | 0 | 1 | 1 |
| 56 | परभणी | 546514 | धमधम | 0 | 1 | 1 |
| 57 | परभणी | 546515 | वज़ार बीके | 0 | 8 | 8 |
| 58 | परभणी | 546517 | बेलखेड़ा | 0 | 1 | 1 |
| 59 | परभणी | 546520 | असोला | 0 | 0 | 0 |
| 60 | परभणी | 546521 | कवाद | 6 | 38 | 44 |
| 61 | परभणी | 546524 | वादी | 0 | 4 | 4 |
| 62 | परभणी | 546525 | वाघी (धनोरा) | 0 | 28 | 28 |
| 63 | परभणी | 546529 | कोरवाडी | 1 | 2 | 3 |
| 64 | परभणी | 546532 | कोलापास | 1 | 1 | 2 |
| 65 | परभणी | 546533 | बामनी बीके | 1 | 0 | 1 |
| 66 | परभणी | 546538 | कवथा | 0 | 1 | 1 |
| 67 | परभणी | 546547 | पिंपलगांव काजले | 2 | 28 | 30 |
| 68 | परभणी | 546549 | अंगलगांव टांडा | 0 | 1 | 1 |
| 69 | परभणी | 546551 | मोहदी | 0 | 1 | 1 |
| 70 | परभणी | 546552 | जम्भरुण | 0 | 1 | 1 |
| 71 | परभणी | 546555 | सावरगांव | 0 | 8 | 8 |
| 72 | परभणी | 546557 | भोसी | 0 | 13 | 13 |
| 73 | परभणी | 546560 | वडाली | 0 | 23 | 23 |
| 74 | परभणी | 546562 | जोगवाड़ा | 0 | 5 | 5 |
| 75 | परभणी | 546563 | सोस्टैंडा | 0 | 65 | 65 |
| 76 | परभणी | 546564 | सोस | 0 | 1 | 1 |
| 77 | परभणी | 546565 | चरथाना | 0 | 12 | 12 |
| 78 | परभणी | 546572 | हलवीरा [हरली] | 0 | 1 | 1 |
| 79 | परभणी | 546574 | भांबरी | 0 | 5 | 5 |
| 80 | परभणी | 546575 | राजेगांव | 0 | 10 | 10 |
| 81 | परभणी | 546580 | सैखेड़ा (जिंटूर सर्कल) | 0 | 1 | 1 |
| 82 | परभणी | 546581 | जाम्ब बीके | 0 | 5 | 5 |
| 83 | परभणी | 546584 | मुरुमखेड़ा | 0 | 4 | 4 |
| 84 | परभणी | 546585 | सवांगी [म्हलासा] | 7 | 17 | 24 |
| 85 | परभणी | 546588 | घडोली | 1 | 1 | 2 |
| 86 | परभणी | 546589 | नीलाज | 0 | 6 | 6 |
| 87 | परभणी | 546590 | सावली बके | 4 | 43 | 47 |
| 88 | परभणी | 546591 | गणेशनगर | 7 | 20 | 27 |
| 89 | परभणी | 546594 | मनकेश्वर [पी.जिंटूर] | 0 | 50 | 50 |
| 90 | परभणी | 546598 | घेवांडा | 0 | 1 | 1 |
| 91 | परभणी | 546599 | पुंगाला | 3 | 30 | 33 |
| 92 | परभणी | 546600 | भिलाज | 0 | 22 | 22 |
| 93 | परभणी | 546602 | पंगरी | 0 | 5 | 5 |
| 94 | परभणी | 546603 | मथाला | 0 | 2 | 2 |
| 95 | परभणी | 546604 | बालासा | 0 | 1 | 1 |
| 96 | परभणी | 546605 | अकोली | 0 | 1 | 1 |
| 97 | परभणी | 546610 | पचलेगांव | 0 | 21 | 21 |
| 98 | परभणी | 546615 | खरादवी | 0 | 13 | 13 |
| 99 | परभणी | 546616 | डोंगर्टला | 0 | 10 | 10 |
| 100 | परभणी | 546618 | इटोली | 1 | 25 | 26 |
| 101 | परभणी | 546620 | डिग्रास | 2 | 1 | 3 |
| 102 | परभणी | 546621 | दभा | 0 | 12 | 12 |
| 103 | परभणी | 546622 | गदडगवाहन | 5 | 2 | 7 |
| 104 | परभणी | 546634 | भोगांव | 11 | 1 | 12 |
| 105 | परभणी | 546635 | मंधानी | 1 | 13 | 14 |
| 106 | परभणी | 546646 | देवगांव (धनोरा) | 0 | 7 | 7 |
| 107 | परभणी | 546657 | येसेगाँव | 0 | 11 | 11 |
| 108 | परभणी | 546661 | बोरी | 1 | 3 | 4 |
| 109 | परभणी | 546662 | मुडा | 0 | 21 | 21 |
| 110 | परभणी | 546663 | दोहारा | 0 | 14 | 14 |
| 111 | परभणी | 546665 | कोक | 0 | 15 | 15 |
| 112 | परभणी | 546669 | कौसादी | 0 | 10 | 10 |
| 113 | परभणी | 546671 | पिंपलगांव [गयाके] | 0 | 0 | 0 |
| 114 | परभणी | 546676 | जवला केएच. | 0 | 5 | 5 |
| 115 | परभणी | 546677 | वाघी [बोबडे] | 0 | 1 | 1 |
| 116 | परभणी | 546685 | कश्तगांव | 0 | 1 | 1 |
| 117 | परभणी | 546687 | कुंभारी | 0 | 1 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **118** | परभणी | 546690 | गोविंदपुर | 0 | 3 | 3 |
| **119** | परभणी | 546694 | अरवी | 0 | 9 | 9 |
| **120** | परभणी | 546697 | पेडगांव | 0 | 40 | 40 |
| **121** | परभणी | 546698 | ब्रम्हापुरी टैरिफ पेडगांव | 0 | 2 | 2 |
| **122** | परभणी | 546699 | किन्होला | 0 | 33 | 33 |
| **123** | परभणी | 546701 | मंडाखली | 0 | 10 | 10 |
| **124** | परभणी | 546706 | हसनपुर | 0 | 37 | 37 |
| **125** | परभणी | 546707 | तुलजापुर | 0 | 23 | 23 |
| **126** | परभणी | 546708 | मंडवा | 0 | 14 | 14 |
| **127** | परभणी | 546709 | जरी | 0 | 26 | 26 |
| **128** | परभणी | 546710 | मिर्जापुर | 0 | 8 | 8 |
| **129** | परभणी | 546711 | सादेगांव | 0 | 10 | 10 |
| **130** | परभणी | 546712 | पिंगली कोथला | 0 | 5 | 5 |
| **131** | परभणी | 546713 | जोडपर्ली | 0 | 1 | 1 |
| **132** | परभणी | 546714 | तकली बोबडे | 0 | 13 | 13 |
| **133** | परभणी | 546716 | वादी दमाई | 0 | 15 | 15 |
| **134** | परभणी | 546717 | पिंपला | 0 | 7 | 7 |
| **135** | परभणी | 546718 | जलालपुर | 0 | 5 | 5 |
| **136** | परभणी | 546723 | सनपुरी | 0 | 0 | 0 |
| **137** | परभणी | 546724 | हिंगलां | 0 | 1 | 1 |
| **138** | परभणी | 546727 | कराडगांव | 0 | 3 | 3 |
| **139** | परभणी | 546731 | माताकारला | 0 | 42 | 42 |
| **140** | परभणी | 546732 | समबर | 0 | 83 | 83 |
| **141** | परभणी | 546735 | दुर्दी | 0 | 21 | 21 |
| **142** | परभणी | 546736 | मुरुम्बा | 0 | 40 | 40 |
| **143** | परभणी | 546738 | साबा | 0 | 5 | 5 |
| **144** | परभणी | 546739 | नंदगांव बीके | 0 | 0 | 0 |
| **145** | परभणी | 546744 | उखालड | 0 | 137 | 137 |
| **146** | परभणी | 546745 | पिंपरी देशमुख | 0 | 6 | 6 |
| **147** | परभणी | 546746 | बभली | 0 | 13 | 13 |
| **148** | परभणी | 546747 | टट्टू जवाला | 0 | 13 | 13 |
| **149** | परभणी | 546748 | मिरखेली | 0 | 0 | 0 |
| **150** | परभणी | 546749 | पिंगली | 0 | 26 | 26 |
| **151** | परभणी | 546751 | तदलिम्बला | 0 | 44 | 44 |
| **152** | परभणी | 546755 | पथरा | 0 | 15 | 15 |
| **153** | परभणी | 546756 | तकली कुंभकर्ण | 0 | 64 | 64 |
| **154** | परभणी | 546757 | नंदखेड़ा | 0 | 2 | 2 |
| **155** | परभणी | 546760 | करेगॉंव | 0 | 0 | 0 |
| **156** | परभणी | 546761 | धर्मपुरी | 0 | 9 | 9 |
| **157** | परभणी | 546762 | परवा | 0 | 14 | 14 |
| **158** | परभणी | 546763 | जम्ब | 1 | 25 | 26 |
| **159** | परभणी | 546764 | कौडगांव टर्फ सिंगनापुर | 0 | 17 | 17 |
| **160** | परभणी | 546767 | रायपुर | 15 | 698 | 713 |
| **161** | परभणी | 546770 | बाभुलगांव | 0 | 1 | 1 |
| **162** | परभणी | 546771 | सोन्ना | 0 | 57 | 57 |
| **163** | परभणी | 546772 | उजालम्बा | 0 | 4 | 4 |
| **164** | परभणी | 546773 | नरसापुर टर्फ परभणी | 0 | 7 | 7 |
| **165** | परभणी | 546776 | ईथलापुर देशमुख | 0 | 1 | 1 |
| **166** | परभणी | 546777 | सयाला | 0 | 1 | 1 |
| **167** | परभणी | 546781 | लोहागांव | 0 | 16 | 16 |
| **168** | परभणी | 546782 | अमदापुर | 0 | 2 | 2 |
| **169** | परभणी | 546783 | सिंगनापुर | 0 | 25 | 25 |
| **170** | परभणी | 546784 | बोरवंड केएच. | 0 | 1 | 1 |
| **171** | परभणी | 546786 | उमरी | 0 | 10 | 10 |
| **172** | परभणी | 546787 | आनंदवादी | 1 | 5 | 6 |
| **173** | परभणी | 546788 | तमस्वादी | 1 | 1 | 2 |
| **174** | परभणी | 546790 | बोरवंड बीके | 0 | 1 | 1 |
| **175** | परभणी | 546791 | तड़पंगारी | 0 | 18 | 18 |
| **176** | परभणी | 546792 | पेगर्गवाहन | 0 | 1 | 1 |
| **177** | परभणी | 546793 | भारस्वडी | 9 | 13 | 22 |
| **178** | परभणी | 546794 | वडगांव टर्फ भारस्वड़ी | 0 | 21 | 21 |
| **179** | परभणी | 546796 | पोखरनी | 1 | 53 | 54 |
| **180** | परभणी | 546797 | अम्बे तक्ली | 0 | 40 | 40 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **181** | परभणी | 546801 | सिरसी बीके. | 0 | 6 | 6 |
| **182** | परभणी | 546802 | थोला | 0 | 2 | 2 |
| **183** | परभणी | 546803 | दमपुरी | 0 | 6 | 6 |
| **184** | परभणी | 546804 | पोरवाड | 0 | 12 | 12 |
| **185** | परभणी | 546806 | इंदेवादी | 2 | 11 | 13 |
| **186** | परभणी | 546807 | ब्रम्हापुरी टर्फ पथरी | 5 | 2 | 7 |
| **187** | परभणी | 546808 | सलापुरी | 3 | 4 | 7 |
| **188** | परभणी | 546809 | दैथाना | 1 | 51 | 52 |
| **189** | परभणी | 546810 | धोंडी | 2 | 2 | 4 |
| **190** | परभणी | 546811 | माल्सोना | 4 | 30 | 34 |
| **191** | परभणी | 546813 | अंगलगांव | 0 | 7 | 7 |
| **192** | परभणी | 546814 | गोगलगाँव | 0 | 15 | 15 |
| **193** | परभणी | 546815 | सवांगी मगर | 0 | 46 | 46 |
| **194** | परभणी | 546817 | तकली नीलवर्ने | 0 | 1 | 1 |
| **195** | परभणी | 546819 | शेवाड़ी जहांगीर | 0 | 2 | 2 |
| **196** | परभणी | 546820 | राजुरा | 0 | 1 | 1 |
| **197** | परभणी | 546821 | कोथाला | 0 | 25 | 25 |
| **198** | परभणी | 546823 | इरलाड | 0 | 42 | 42 |
| **199** | परभणी | 546824 | मनवत रोड | 0 | 7 | 7 |
| **200** | परभणी | 546825 | कोल्हा | 0 | 27 | 27 |
| **201** | परभणी | 546827 | सोमथाना | 0 | 1 | 1 |
| **202** | परभणी | 546828 | मनोली | 0 | 4 | 4 |
| **203** | परभणी | 546829 | करनजी | 0 | 3 | 3 |
| **204** | परभणी | 546830 | खरबा | 0 | 7 | 7 |
| **205** | परभणी | 546832 | रूधि | 0 | 13 | 13 |
| **206** | परभणी | 546833 | कोल्हावाड़ी | 0 | 1 | 1 |
| **207** | परभणी | 546834 | टाड बोरगांव | 0 | 8 | 8 |
| **208** | परभणी | 546835 | देउलगांव आवाचार | 0 | 10 | 10 |
| **209** | परभणी | 546836 | अम्बेगांव चाहरुणु | 0 | 18 | 18 |
| **210** | परभणी | 546837 | हत्तलवाड़ी | 0 | 2 | 2 |
| **211** | परभणी | 546838 | रत्नापुर | 0 | 2 | 2 |
| **212** | परभणी | 546839 | उक्कलगांव | 0 | 8 | 8 |
| **213** | परभणी | 546840 | इटाली | 0 | 7 | 7 |
| **214** | परभणी | 546842 | बोंदरवाड़ी | 0 | 0 | 0 |
| **215** | परभणी | 546843 | सावली | 0 | 11 | 11 |
| **216** | परभणी | 546844 | सवारगांव केएच | 0 | 5 | 5 |
| **217** | परभणी | 546845 | पलोडी | 0 | 5 | 5 |
| **218** | परभणी | 546846 | सोनुला | 0 | 2 | 2 |
| **219** | परभणी | 546847 | पिंपला | 0 | 10 | 10 |
| **220** | परभणी | 546849 | केकर ज्वाला | 0 | 45 | 45 |
| **221** | परभणी | 546850 | किनहोला बीके | 0 | 25 | 25 |
| **222** | परभणी | 546852 | पोहंडुल | 0 | 9 | 9 |
| **223** | परभणी | 546853 | लोहार | 0 | 31 | 31 |
| **224** | परभणी | 546855 | भोसा | 0 | 26 | 26 |
| **225** | परभणी | 546856 | मंगरुल बीके | 0 | 49 | 49 |
| **226** | परभणी | 546857 | रमे तक्लीक | 0 | 7 | 7 |
| **227** | परभणी | 546858 | वज़ूर बीके | 0 | 12 | 12 |
| **228** | परभणी | 546859 | वज़ूर केएच | 0 | 23 | 23 |
| **229** | परभणी | 546860 | कुंभारी (गंगा किनारा) | 0 | 13 | 13 |
| **230** | परभणी | 546861 | वांगी | 0 | 3 | 3 |
| **231** | परभणी | 546862 | थार | 0 | 10 | 10 |
| **232** | परभणी | 546863 | हमदापुर | 0 | 7 | 7 |
| **233** | परभणी | 546865 | सखारेवाड़ी | 0 | 6 | 6 |
| **234** | परभणी | 546866 | रामपुरी बीके | 0 | 15 | 15 |
| **235** | परभणी | 546867 | हटकरवाड़ी | 0 | 15 | 15 |
| **236** | परभणी | 546868 | डोंगरगांव | 0 | 1 | 1 |
| **237** | परभणी | 546870 | रेनाखली | 0 | 8 | 8 |
| **238** | परभणी | 546871 | देवेगांव | 14 | 3 | 17 |
| **239** | परभणी | 546872 | सिमुरगावण | 2 | 22 | 24 |
| **240** | परभणी | 546873 | जरी | 0 | 25 | 25 |
| **241** | परभणी | 546874 | बोर्गवाहन | 5 | 9 | 14 |
| **242** | परभणी | 546875 | खेदुला | 0 | 14 | 14 |
| **243** | परभणी | 546876 | सरोला केएच | 0 | 12 | 12 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **244** | परभणी | 546877 | वडी | 0 | 4 | 4 |
| **245** | परभणी | 546878 | हडगांव बीके | 0 | 40 | 40 |
| **246** | परभणी | 546879 | वारखेड़ा | 0 | 50 | 50 |
| **247** | परभणी | 546880 | पथरगवन केएच | 0 | 40 | 40 |
| **248** | परभणी | 546881 | कसापुरी | 1 | 65 | 66 |
| **249** | परभणी | 546882 | ज्वाला ज़ूटे | 0 | 11 | 11 |
| **250** | परभणी | 546883 | नाथरा | 0 | 20 | 20 |
| **251** | परभणी | 546884 | मंजरथ | 0 | 39 | 39 |
| **252** | परभणी | 546885 | बनेगांव | 0 | 36 | 36 |
| **253** | परभणी | 546886 | मर्दसगांव | 0 | 15 | 15 |
| **254** | परभणी | 546887 | पथरगवन बीके | 1 | 49 | 50 |
| **255** | परभणी | 546888 | गोपेगांव | 0 | 2 | 2 |
| **256** | परभणी | 546889 | पटोड़ा गंगा किनारा | 0 | 1 | 1 |
| **257** | परभणी | 546890 | निवाली | 0 | 2 | 2 |
| **258** | परभणी | 546891 | रामपुरी केएच | 12 | 8 | 20 |
| **259** | परभणी | 546893 | बंडार वड़ा | 0 | 73 | 73 |
| **260** | परभणी | 546894 | देवनंद्र | 1 | 1 | 2 |
| **261** | परभणी | 546895 | पोहे तक्ली | 0 | 1 | 1 |
| **262** | परभणी | 546896 | रेनापुर | 31 | 31 | 62 |
| **263** | परभणी | 546900 | ढालेगांव | 23 | 10 | 33 |
| **264** | परभणी | 546903 | गुंज केएच | 9 | 7 | 16 |
| **265** | परभणी | 546905 | तकलगवाहन | 3 | 1 | 4 |
| **266** | परभणी | 546911 | अंधपुरी | 1 | 0 | 1 |
| **267** | परभणी | 546915 | डाकु पिंपरी | 9 | 5 | 14 |
| **268** | परभणी | 546917 | लिंबा | 0 | 1 | 1 |
| **269** | परभणी | 546918 | फुलरवाड़ी | 12 | 11 | 23 |
| **270** | परभणी | 546921 | मुदगल | 1 | 0 | 1 |
| **271** | परभणी | 546922 | वीटा बीके | 0 | 24 | 24 |
| **272** | परभणी | 546924 | वानीसंगम | 0 | 14 | 14 |
| **273** | परभणी | 546926 | वीटा केएच. | 0 | 21 | 21 |
| **274** | परभणी | 546927 | वाघलगांव (जे) | 0 | 20 | 20 |
| **275** | परभणी | 546928 | लसीना | 1 | 13 | 14 |
| **276** | परभणी | 546929 | थडिउक्कड़गांव | 0 | 0 | 0 |
| **277** | परभणी | 546930 | वाड़ी पिंपलगांव | 1 | 5 | 6 |
| **278** | परभणी | 546931 | थड़ी पिंपलगांव | 0 | 7 | 7 |
| **279** | परभणी | 546934 | लोहिग्राम | 0 | 2 | 2 |
| **280** | परभणी | 546936 | सिरसी बीके. | 0 | 7 | 7 |
| **281** | परभणी | 546939 | शेलगांव हटकरी | 0 | 31 | 31 |
| **282** | परभणी | 546941 | शेलगांव मराठा | 1 | 20 | 21 |
| **283** | परभणी | 546942 | गॉली पिंपरी | 0 | 5 | 5 |
| **284** | परभणी | 546943 | खापत पिंपरी | 0 | 11 | 11 |
| **285** | परभणी | 546945 | दिघोल इस्लामपुर | 0 | 27 | 27 |
| **286** | परभणी | 546948 | कान्हेगांव | 0 | 12 | 12 |
| **287** | परभणी | 546951 | सैखेड़ा | 0 | 51 | 51 |
| **288** | परभणी | 546958 | चुकार पिंपरी | 1 | 13 | 14 |
| **289** | परभणी | 546961 | मोहाला | 0 | 5 | 5 |
| **290** | परभणी | 546962 | पोहंडुल | 0 | 12 | 12 |
| **291** | परभणी | 546964 | तिवथाना | 2 | 23 | 25 |
| **292** | परभणी | 546967 | नायकोटा | 0 | 2 | 2 |
| **293** | परभणी | 546968 | बोंदरगांव | 0 | 17 | 17 |
| **294** | परभणी | 546969 | धमोनी | 0 | 27 | 27 |
| **295** | परभणी | 546975 | करम | 0 | 6 | 6 |
| **296** | परभणी | 546976 | उक्कडगांव मकटा | 0 | 35 | 35 |
| **297** | परभणी | 546977 | उखली बीके. | 1 | 39 | 40 |
| **298** | परभणी | 546979 | बुकरवादी | 0 | 8 | 8 |
| **299** | परभणी | 546981 | धरासूर | 0 | 41 | 41 |
| **300** | परभणी | 546982 | रुम्ना ज्वाला | 0 | 14 | 14 |
| **301** | परभणी | 546984 | सयाला सुनेगांव | 0 | 24 | 24 |
| **302** | परभणी | 546985 | सुनेगांव सयाला | 0 | 2 | 2 |
| **303** | परभणी | 546986 | खली | 0 | 20 | 20 |
| **304** | परभणी | 546988 | मैरल सवांगी | 0 | 20 | 20 |
| **305** | परभणी | 546989 | गौंडगाँव | 0 | 10 | 10 |
| **306** | परभणी | 546990 | चिंचटक्लि | 0 | 2 | 2 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **307** | परभणी | 546991 | दुसलगांव | 0 | 14 | 14 |
| **308** | परभणी | 546992 | मूली | 0 | 3 | 3 |
| **309** | परभणी | 546994 | मासला | 0 | 2 | 2 |
| **310** | परभणी | 546996 | पिंपरी ज़ोला | 0 | 73 | 73 |
| **311** | परभणी | 546998 | धारखेड़ | 0 | 16 | 16 |
| **312** | परभणी | 547000 | महतपुरी | 0 | 95 | 95 |
| **313** | परभणी | 547001 | आनंदवादी | 0 | 36 | 36 |
| **314** | परभणी | 547002 | शंकरवादी | 0 | 6 | 6 |
| **315** | परभणी | 547004 | इरालाड | 0 | 0 | 0 |
| **316** | परभणी | 547005 | नारलाड | 0 | 1 | 1 |
| **317** | परभणी | 547006 | गोपा | 0 | 7 | 7 |
| **318** | परभणी | 547007 | वाघलगांव गोपा | 0 | 34 | 34 |
| **319** | परभणी | 547008 | मालेवाड़ी | 0 | 18 | 18 |
| **320** | परभणी | 547011 | कौडगांव | 0 | 1 | 1 |
| **321** | परभणी | 547012 | बनपिम्पला | 0 | 1 | 1 |
| **322** | परभणी | 547014 | शिवाजी नगर | 0 | 0 | 0 |
| **323** | परभणी | 547015 | सुरलवाड़ी | 0 | 8 | 8 |
| **324** | परभणी | 547016 | पडेगांव | 0 | 10 | 10 |
| **325** | परभणी | 547018 | शेन्दगा | 0 | 50 | 50 |
| **326** | परभणी | 547019 | हरंगुली | 0 | 18 | 18 |
| **327** | परभणी | 547020 | खडगांव | 0 | 30 | 30 |
| **328** | परभणी | 547021 | मार्गलवाड़ी | 0 | 1 | 1 |
| **329** | परभणी | 547025 | भेंदेवडी | 0 | 4 | 4 |
| **330** | परभणी | 547026 | अकोली | 0 | 14 | 14 |
| **331** | परभणी | 547027 | पोखरनी वाक्या | 0 | 41 | 41 |
| **332** | परभणी | 547028 | धनगर मोह | 0 | 32 | 32 |
| **333** | परभणी | 547029 | उखली केएच. | 0 | 5 | 5 |
| **334** | परभणी | 547030 | मांकदेवी | 0 | 40 | 40 |
| **335** | परभणी | 547032 | डोंगरगांव शेलगांव | 0 | 31 | 31 |
| **336** | परभणी | 547033 | मखनी | 0 | 41 | 41 |
| **337** | परभणी | 547034 | सिरसम शेगांव | 0 | 33 | 33 |
| **338** | परभणी | 547036 | डोंगरपिंपला | 0 | 17 | 17 |
| **339** | परभणी | 547037 | कोडरी | 0 | 18 | 18 |
| **340** | परभणी | 547038 | आनंद नगर | 0 | 1 | 1 |
| **341** | परभणी | 547041 | अंतरवेली | 0 | 18 | 18 |
| **342** | परभणी | 547042 | काटकरवाड़ी | 0 | 7 | 7 |
| **343** | परभणी | 547043 | तंदुलवाड़ी | 0 | 23 | 23 |
| **344** | परभणी | 547044 | शेलमोहा | 0 | 33 | 33 |
| **345** | परभणी | 547045 | कद्याचिवाड़ी | 0 | 15 | 15 |
| **346** | परभणी | 547046 | सांगलेवाड़ी | 0 | 4 | 4 |
| **347** | परभणी | 547048 | इसाड | 0 | 11 | 11 |
| **348** | परभणी | 547051 | अर्बुजवाड़ी | 0 | 4 | 4 |
| **349** | परभणी | 547052 | खंडाली | 0 | 5 | 5 |
| **350** | परभणी | 547053 | इलेगांव | 0 | 23 | 23 |
| **351** | परभणी | 547054 | मसानेरवाड़ी | 0 | 7 | 7 |
| **352** | परभणी | 547057 | बोथि | 0 | 3 | 3 |
| **353** | परभणी | 547058 | गुंजेगांव | 0 | 15 | 15 |
| **354** | परभणी | 547061 | पंढरगाँव | 0 | 2 | 2 |
| **355** | परभणी | 547062 | वागडारा | 0 | 20 | 20 |
| **356** | परभणी | 547063 | खोकलेवाड़ी | 0 | 9 | 9 |
| **357** | परभणी | 547064 | सुपा (खालसा) | 0 | 5 | 5 |
| **358** | परभणी | 547065 | सुप्पा टांडा | 0 | 0 | 0 |
| **359** | परभणी | 547067 | सुपा (जागीर) | 0 | 2 | 2 |
| **360** | परभणी | 547069 | घटंगरा टांडा | 0 | 0 | 0 |
| **361** | परभणी | 547070 | घंटाग्रा | 0 | 33 | 33 |
| **362** | परभणी | 547071 | रानीसावरगांव | 0 | 14 | 14 |
| **363** | परभणी | 547073 | पंगरी | 0 | 6 | 6 |
| **364** | परभणी | 547075 | अम्बरवादी | 0 | 0 | 0 |
| **365** | परभणी | 547078 | दमपुरी | 0 | 20 | 20 |
| **366** | परभणी | 547079 | कुंडगीरवाड़ी | 0 | 1 | 1 |
| **367** | परभणी | 547080 | नीलानाइक टांडा | 0 | 0 | 0 |
| **368** | परभणी | 547081 | बोर्डा | 0 | 39 | 39 |
| **369** | परभणी | 547083 | पिंपलदारी | 0 | 34 | 34 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **370** | परभणी | 547084 | वाग्दारि | 0 | 9 | 9 |
| **371** | परभणी | 547088 | रावराजुरी | 0 | 1 | 1 |
| **372** | परभणी | 547094 | फला | 3 | 15 | 18 |
| **373** | परभणी | 547095 | फरकंडा | 2 | 2 | 4 |
| **374** | परभणी | 547097 | बरबादी | 0 | 38 | 38 |
| **375** | परभणी | 547099 | पिंपलगांव {एम} | 2 | 12 | 14 |
| **376** | परभणी | 547101 | राहती | 0 | 2 | 2 |
| **377** | परभणी | 547103 | गंज | 1 | 47 | 48 |
| **378** | परभणी | 547104 | परवा | 0 | 1 | 1 |
| **379** | परभणी | 547105 | खरब धनोरा | 1 | 32 | 33 |
| **380** | परभणी | 547106 | शेख राजुरा | 0 | 0 | 0 |
| **381** | परभणी | 547108 | वाडी (केएच) | 0 | 2 | 2 |
| **382** | परभणी | 547109 | गुलखंडी | 2 | 1 | 3 |
| **383** | परभणी | 547112 | सिरपुर | 0 | 1 | 1 |
| **384** | परभणी | 547113 | सयाला (पालम) | 2 | 13 | 15 |
| **385** | परभणी | 547116 | आजमाबाद | 13 | 6 | 19 |
| **386** | परभणी | 547118 | पुयानी | 1 | 0 | 1 |
| **387** | परभणी | 547119 | पालम | 8 | 37 | 45 |
| **388** | परभणी | 547120 | अंजनवाडी | 0 | 1 | 1 |
| **389** | परभणी | 547123 | सेलु | 0 | 2 | 2 |
| **390** | परभणी | 547125 | पेंडु केएच. | 10 | 24 | 34 |
| **391** | परभणी | 547126 | पेंडु बीके. | 4 | 68 | 72 |
| **392** | परभणी | 547129 | पेठ पिंपलगांव | 6 | 5 | 11 |
| **393** | परभणी | 547130 | तेलजापुर | 1 | 0 | 1 |
| **394** | परभणी | 547131 | अडगाँव | 0 | 2 | 2 |
| **395** | परभणी | 547133 | नहालगाँव | 0 | 16 | 16 |
| **396** | परभणी | 547134 | वनभुजवाड़ी | 4 | 4 | 8 |
| **397** | परभणी | 547135 | आनंदवादी | 2 | 9 | 11 |
| **398** | परभणी | 547136 | चटोरी | 2 | 17 | 19 |
| **399** | परभणी | 547137 | नवहा | 1 | 25 | 26 |
| **400** | परभणी | 547140 | खोरास | 0 | 2 | 2 |
| **401** | परभणी | 547141 | तंबुलगाँव | 1 | 16 | 17 |
| **402** | परभणी | 547142 | सदलापुर | 2 | 27 | 29 |
| **403** | परभणी | 547144 | मुत्खेड़ | 0 | 16 | 16 |
| **404** | परभणी | 547145 | उमरा | 0 | 21 | 21 |
| **405** | परभणी | 547147 | कोनेरवाड़ी | 9 | 11 | 20 |
| **406** | परभणी | 547148 | बोरगांव बीके. | 8 | 30 | 38 |
| **407** | परभणी | 547150 | उक्कडगांव जागीर | 14 | 21 | 35 |
| **408** | परभणी | 547151 | वारखेड़ | 0 | 2 | 2 |
| **409** | परभणी | 547153 | चोरवाड | 0 | 14 | 14 |
| **410** | परभणी | 547154 | पोखर्णी देवी | 2 | 9 | 11 |
| **411** | परभणी | 547157 | सिरसम (पालम) | 1 | 7 | 8 |
| **412** | परभणी | 547158 | मोज़ामाबाद | 0 | 1 | 1 |
| **413** | परभणी | 547159 | बनवास | 5 | 30 | 35 |
| **414** | परभणी | 547160 | गिरधरवाड़ी | 1 | 1 | 2 |
| **415** | परभणी | 547161 | फतुनैक टांडा | 0 | 5 | 5 |
| **416** | परभणी | 547163 | रामापुर | 17 | 1 | 18 |
| **417** | परभणी | 547165 | तंदुलवाड़ी | 16 | 70 | 86 |
| **418** | परभणी | 547166 | महादेवदी | 4 | 1 | 5 |
| **419** | परभणी | 547168 | सदगीरवाड़ी | 0 | 6 | 6 |
| **420** | परभणी | 547169 | यरन्देश्वर | 0 | 22 | 22 |
| **421** | परभणी | 547181 | सुहागन | 0 | 21 | 21 |
| **422** | परभणी | 547182 | अवहाई | 0 | 74 | 74 |
| **423** | परभणी | 547183 | पिंपला लोखंडे | 0 | 26 | 26 |
| **424** | परभणी | 547185 | बरबादी | 0 | 73 | 73 |
| **425** | परभणी | 547188 | वाई टर्फ लसीना | 0 | 0 | 0 |
| **426** | परभणी | 547189 | लोन केएच. | 0 | 28 | 28 |
| **427** | परभणी | 547194 | सोनखेड़ | 0 | 10 | 10 |
| **428** | परभणी | 547199 | चुडावा | 0 | 17 | 17 |
| **429** | परभणी | 547201 | कलमुला | 0 | 8 | 8 |
| **430** | परभणी | 547202 | पिंपरान | 0 | 7 | 7 |
| **431** | परभणी | 547203 | अलेगांव | 0 | 1 | 1 |
| **432** | परभणी | 547204 | चेंजफाल | 0 | 1 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **433** | परभणी | 547207 | कवलगांव | 0 | 27 | 27 |
| **434** | परभणी | 547208 | कौलगांववाड़ी | 0 | 33 | 33 |
| **435** | परभणी | 547210 | पेनुर | 0 | 1 | 1 |
| **436** | परभणी | 547211 | धनोरा मोत्य | 0 | 42 | 42 |
| **437** | परभणी | 547213 | सुकि | 0 | 8 | 8 |
| **438** | परभणी | 547214 | ममदापुर | 0 | 8 | 8 |
| **439** | परभणी | 547216 | कान्हेगांव | 0 | 2 | 2 |
| **440** | परभणी | 547218 | गणपुर | 0 | 14 | 14 |
| **441** | परभणी | 547221 | खुजादा | 0 | 36 | 36 |
| **442** | परभणी | 547224 | कणाद खेड़ा | 0 | 93 | 93 |
| **443** | परभणी | 547225 | अडगांव लसीना | 0 | 10 | 10 |
| **444** | परभणी | 547227 | अजदापुर | 0 | 9 | 9 |
| **445** | परभणी | 547228 | नीला | 0 | 202 | 202 |
| **446** | परभणी | 547229 | कंठेश्वर | 0 | 13 | 13 |
| **447** | परभणी | 547231 | पिंपलगांव सारंगी | 0 | 16 | 16 |
| **448** | परभणी | 547233 | धनगर तक्ली | 0 | 4 | 4 |
| **449** | परभणी | 547234 | पिंपलगांव लिखा | 0 | 1 | 1 |
| **450** | परभणी | 547241 | कमलापुर | 0 | 11 | 11 |
| **451** | परभणी | 547242 | दस्तापुर | 0 | 15 | 15 |
| **452** | परभणी | 547244 | लिमला | 0 | 14 | 14 |
| **453** | परभणी | 547245 | मंजलापुर | 0 | 6 | 6 |
| **454** | परभणी | 547248 | महागाँव | 0 | 52 | 52 |
| **455** | परभणी | 547252 | दगडवादी | 0 | 1 | 1 |
| **456** | परभणी | 547254 | वज़ूर | 0 | 19 | 19 |
| **457** | परभणी | 547256 | देउलगांव धुधाते | 0 | 7 | 7 |
| **458** | परभणी | 548770 | जोगवाड़ा | 0 | 1 | 1 |
| **459** | परभणी | 559551 | अडगाँव | 0 | 9 | 9 |
| **460** | परभणी | 566088 | दत्तवादी | 0 | 0 | 0 |
| **461** | परभणी | 566844 | अम्बेगाँव | 0 | 0 | 0 |
| **462** | परभणी | 567028 | मस्नोली | 0 | 0 | 0 |
| **463** | परभणी | 568382 | कानेगांव | 0 | 0 | 0 |
| **464** | परभणी | 568724 | सावली | 0 | 0 | 0 |
| **465** | परभणी | 568775 | केरेवाड़ी | 0 | 0 | 0 |
| **466** | परभणी | 546743 | धनगरवाड़ी | 5 | 0 | 5 |
| **467** | परभणी | 802757 | गंगाखेड़ (एम सीएल) | 0 | 1 | 1 |
| **468** | परभणी | 802751 | सैलू (एम सीएल) | 9 | 115 | 124 |
| **469** | परभणी | 802752 | जिंतूर (एम सीएल) | 58 | 46 | 104 |
| **470** | परभणी | 802756 | सोनपेठ (एम सीएल) | 1 | 34 | 35 |
| **471** | परभणी | 802754 | मानवथ (एम सीएल) | 1 | 17 | 18 |
| **472** | परभणी | 802755 | पथरी (एम सीएल) | 23 | 45 | 68 |
| **473** | परभणी | 802758 | पूर्णा (एम सीएल) | 0 | 28 | 28 |
| **कुल** | | | | **521** | **7863** | **8384** |

*************

<u>**अनुबंध-III**</u>

**"परभणी जिले में पीएम-सौभाग्य योजना की स्थिति" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 136 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**सौभाग्य स्कीम के अंतर्गत एजेंसी**

| क्रम सं. | एजेंसी का नाम |
|---|---|
| 1 | वेदिका इलेक्ट्रिकल्स, औरंगाबाद |
| 2 | मर्देश्वर इलेक्ट्रिकल्स, परभणी |
| 3 | रचना इलेक्ट्रिकल्स, परभणी |
| 4 | महाराजा इलेक्ट्रिकल्स, परभणी |
| 5 | वी.बी. टेक इंफ्रा, परभणी |
| 6 | राधिका मल्टीसर्विसेज, परभणी |
| 7 | इंद्रायणीदेवी मल्टीसर्विसेज, परभणी |
| 8 | लोकराजा मल्टीसर्विसेज, परभणी |
| 9 | तुलसी इलेक्ट्रोइन्फ्रा, जिंतुरु |
| 10 | योगेश इलेक्ट्रिकल्स, परभणी |
| 11 | इमरिला कंस्ट्रक्शन, परभणीक |
| 12 | रत्नेश्वर इलेक्ट्रिकल्स, परभणी |
| 13 | बी जी देशमुख इलेक्ट्रिकल्स, परभणी |

*************

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-143**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**कोयले की खपत**

***143. सुश्री सरोज पाण्डेय:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए प्रति वर्ष कितने मीट्रिक टन कोयले की खपत होती है;

(ख) इस खपत के कितने प्रतिशत कोयले का देश में उत्पादन होता है और कितने प्रतिशत कोयले का आयात किया जाता है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में कोयले के उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर इसकी निर्भरता को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (ग) :** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*************

<u>विवरण</u>

**"कोयले की खपत" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 143 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**************

**(क) और (ख) :** विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष 2021-22 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान कुल खपत के प्रतिशत के रूप में देश में ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा कोयले की कुल खपत के साथ-साथ घरेलू कोयला और आयातित कोयले की खपत निम्नानुसार हैः

| अवधि | घरेलू कोयला खपत (मी. टन) | आयातित कोयला खपत (मी. टन) | कुल खपत (मी. टन) | कुल खपत के प्रतिशत के रूप में घरेलू कोयले की खपत (%) | कुल खपत के प्रतिशत के रूप में आयातित कोयले की खपत (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | 508.2 | 66.1 | 574.3 | 88.5% | 11.5% |
| 2017-18 | 551.1 | 56.9 | 608.0 | 90.6% | 9.4% |
| 2018-19 | 567.0 | 61.9 | 628.9 | 90.2% | 9.8% |
| 2019-20 | 553.5 | 68.7 | 622.2 | 89.0% | 11.0% |
| 2020-21 | 568.7 | 46.7 | 615.4 | 92.4% | 7.6% |
| 2021-22 (अप्रैल-जन.) | 550.2 | 22.9 | 573.1 | 96.0% | 4.0% |

(एमटीः मिलियन टन)

**(ग) :** देश में कोयला उत्पादन को और अधिक बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(i) राजस्व साझा तंत्र पर कोयले की वाणिज्यिक नीलामीः राजस्व साझा तंत्र पर वाणिज्यिक खदानों की नीलामी दिनांक 18.06.2020 को शुरू की गई थी। इस स्कीम के अंतर्गत, कुल दो ट्रांचों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इन दो ट्रांचों से कुल 28 कोयला खदानों को सफलतापूर्वक नीलाम किया जा चुका है जिनमें से 27 कोयला खदानों के लिए निहित आदेश पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

(ii) अतिरिक्त कोयला उत्पादन की बिक्री की अनुमति: कोयला मंत्रालय ने खदान के साथ संबद्ध अंतिम उपयोगकर्ता संयंत्र की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, एक वित्तीय वर्ष में कुल कोयला अथवा लिग्नाइट उत्पादन का 50% तक कैप्टिव खदान के पट्टेदार द्वारा, अतिरिक्त राशि का भुगतान करने पर, कोयला अथवा लिग्नाइट की बिक्री की अनुमति देने के मद्देनजर, खनिज रियायत नियम, 1960 में संशोधन किया है। इस वर्ष की शुरुआत में, खदान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम में इस आशय का संशोधन किया गया था। यह निजी और सार्वजनिक

क्षेत्र दोनों की कैप्टिव खदानों के लिए लागू है। इस संशोधन के साथ, सरकार ने कैप्टिव कोयला और लिग्नाइट ब्लॉकों, जिनका उनकी कैप्टिव जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयले के सीमित उत्पादन के कारण केवल आंशिक रूप से उपयोग किया जा रहा था, की खनन क्षमताओं का अधिक उपयोग करके बाजार में अतिरिक्त कोयले को जारी करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

(iii) रोलिंग नीलामी: नीलामी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और एक वर्ष में नीलामी के और अधिक दौर करने के लिए, कोयला खदानों की रोलिंग नीलामी तंत्र की योजना बनाई गई है। इस तंत्र के अंतर्गत, ट्रांच की इलेक्ट्रॉनिक नीलामी प्रक्रिया पूरी होने पर, नीलामी की अगली ट्रांच निम्नलिखित खदानों के लिए शुरू की जाएगी:

(क) वे खदानें जहां नीलामी की पिछली ट्रांच में कोई बोली प्राप्त नहीं हुई थी अथवा केवल एकल बोली प्राप्त हुई थी (उन खदानों को छोड़कर जहां कोयला मंत्रालय नीलामी के दूसरे प्रयास किए जाने का फैसला करता है)

(ख) कोयला मंत्रालय द्वारा अभिनिर्धारित नई खदानें, यदि कोई हों

(iv) सिंगल विंडो स्वीकृति: सरकार ने कोयला खदानों के संचालन में तेजी लाने के लिए कोयला क्षेत्र के लिए दिनांक 11.01.2021 को सिंगल विंडो स्वीकृति पोर्टल पहले ही शुरू कर दिया है। यह एक एकीकृत प्लेटफॉर्म है जो भारत में कोयला खदान को शुरू करने के लिए अपेक्षित स्वीकृतियां और अनुमोदन प्रदान करना सुगम बनाता है। अब, पूरी प्रक्रिया सिंगल विंडो स्वीकृति पोर्टल के माध्यम से सुगम बनाई जाएगी, जो न केवल संगत अनुप्रयोग प्रारूपों को चिन्हित करेगा, बल्कि अनुमोदन अथवा स्वीकृतियां प्रदान करने के लिए प्रक्रिया प्रवाह भी करेगा।

(v) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सीआईएल खदानों से एक बिलियन टन के कोयला उत्पादन कार्यक्रम की परिकल्पना की है। सीआईएल ने कोयला उत्पादन क्षमता की अभिवृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

1. खदान विकासकर्ता सह प्रचालक मोड द्वारा प्रचालित की जाने वाली लगभग 160 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की क्षमता वाली 15 परियोजनाओं का अभिनिर्धारण।
2. पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) 2006 के खंड 7(ii) के अंतर्गत पर्यावरण स्वीकृति में विशेष छूट के माध्यम से क्षमता अभिवृद्धि।
3. सीआईएल ने 'फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी' परियोजनाओं के अंतर्गत मशीनीकृत कोयला परिवहन और लोडिंग प्रणाली का उन्नयन करने के लिए कदम उठाए हैं।

घरेलू कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के अलावा, कोयले के आयात को कम करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

1. कोयला आयात प्रतिस्थापन के प्रयोजनार्थ कोयला मंत्रालय में एक अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) का गठन किया गया है। विद्युत मंत्रालय, रेल मंत्रालय, जहाजरानी मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), कोयला कंपनियों और बंदरगाहों के प्रतिनिधि इस आईएमसी के सदस्य हैं। यह समिति प्रशासनिक मंत्रालयों के साथ एक बड़े फोरम पर चर्चा के लिए मंच प्रदान करती है ताकि उन्हें अपने संबंधित क्षेत्र के कोयला उपभोक्ताओं को कोयले के आयात को खत्म करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। आईएमसी के निर्देशों पर, कोयले के आयात को ट्रैक करने के लिए मंत्रालयों को सक्षम बनाने हेतु कोयला मंत्रालय द्वारा एक आयात आंकड़ा प्रणाली विकसित की गई है।
2. उन मामलों में, जहां वार्षिक अनुबंधित मात्रा (एसीक्यू) मानक आवश्यकता (अपतटीय) को 90% तक घटा दिया गया था अथवा जहां एसीक्यू की मानक आवश्यकता को 70% (तटीय विद्युत संयंत्रों) तक घटा दिया गया था, विद्युत संयंत्रों की वार्षिक अनुबंधित मात्रा को मानक आवश्यकता के 100% तक बढ़ा दिया गया है। एसीक्यू में वृद्धि विद्युत संयंत्रों को और अधिक घरेलू कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।
3. उपर्युक्त के अलावा, उपभोक्ताओं को बैंक से ऋण की सुविधा प्राप्त करने में मदद करने के लिए मीयादी एलसी (साख पत्र) भुगतान तंत्र की सुविधा की शुरूआत, व्यापारियों सहित कोयला आयातकों के लिए विशेष स्थानीय नीलामी योजना, कोयले के आयात को कम करने में मदद करना जैसे कुछ अन्य उपाय शुरू किए गए हैं। विभिन्न हितधारकों के ठोस प्रयासों से, देश में घरेलू कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों द्वारा मिश्रण के प्रयोजन के लिए कोयले का आयात कम कर दिया गया है।

*************

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1592**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता के अधिकार**

**1592. श्री राम शकल:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार यह स्वीकार करती है कि उपभोक्ताओं के अधिकारों को अब तक परिभाषित नहीं किया गया है और परिणामस्वरूप उन्हें कनेक्शन लेने, लोड बढ़ाने या घटाने, गलत बिलों को ठीक करवाने और मीटरों को बदलवाने आदि कार्यों में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो क्या विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित नियम कार्यान्वित कर दिए गए हैं; और

(ग) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (ग) :** विद्युत अधिनियम, 2003 के भाग VI में उपभोक्ता संरक्षण: निष्पादन के मानक का प्रावधान है। विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 57 उल्लेख करती हैः

*"(1) समुचित आयोग, अनुज्ञप्तिधारियों और ऐसे व्यक्तियों से जिनके प्रभावित होने की संभावना है, परामर्श करने के पश्चात किसी अनुज्ञप्तिधारी या अनुज्ञप्तिधारियों के किसी वर्ग के लिए निष्पादन के मानक विनिर्दिष्ट कर सकेगा।*

*(2) यदि कोई अनुज्ञप्तिधारी, उपधारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट मानकों को पूरा करने में असफल रहता है तो ऐसी शास्ति, जो अधिरोपित की जाए या ऐसा अभियोजन जो आरंभ किया जाए, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, वह प्रभावित व्यक्ति को ऐसा प्रतिकर देने के लिए दायी होगा, जो समुचित आयोग द्वारा अवधारित किया जाएः परंतु प्रतिकर का अवधारण करने से पूर्व संबद्ध अनुज्ञप्तिधारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिया जाएगा।*

*(3) उप-धारा (2) के अधीन अवधारित प्रतिकर ऐसे अवधारण से नब्बे दिन के भीतर संबंद्ध अनुज्ञप्तिधारी द्वारा संदत्त किया जाएगा।"*

इसके कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से, विद्युत मंत्रालय ने विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत दिनांक 31 दिसंबर, 2020 को विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 अधिसूचित किए हैं। ये नियम इस अवधारणा से उत्पन्न हुए हैं कि विद्युत प्रणालियां उपभोक्ताओं के हितों के लिए उपयोगी और विश्वसनीय सेवाएं तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्राप्त करने के उनके अधिकार का संरक्षण करने के लिए अस्तित्व में हैं।

इन नियमों का कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करेगा कि नए विद्युत कनेक्शन, प्रतिदेय और अन्य सेवाएं समयबद्ध तरीके से दी जाती रहें। उपभोक्ता अधिकारों की जानबूझकर अवहेलना सेवाप्रदाताओं पर दंड वसूलने में परिणित होगी। ये नियम अधिसूचना की तारीख अर्थात दिनांक 31.12.2020 से लागू हो गए हैं।

*************

**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1593**
**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**विद्युत की कटौती में सुधार**

**1593. श्री रेवती रमन सिंह:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2020-21 की तुलना में वर्ष 2021-22 में देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य में विद्युत की कटौती में कितने प्रतिशत सुधार हुआ है;

(ख) क्या यह सच है कि देश में अधिष्ठापित विद्युत संयंत्रों की क्षमता विद्युत की अधिकतम मांग (पीक डिमांड) को पूरा कर पाने में सक्षम होती जा रही है;

(ग) वर्ष 2022 में विद्युत कंपनियों द्वारा विद्युत उत्पादन में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा कौन-से कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) :** देश में तथा उत्तर प्रदेश में, वर्ष 2013-14 से 2021-22 (अप्रैल, 2021 से फरवरी, 2022 तक की अवधि) तक ऊर्जा की मांग और आपूर्ति की गई ऊर्जा के मध्य अंतर **अनुबंध** में दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश में इस अंतर का प्रतिशत वर्ष 2013-14 में 14.0% से घटकर वर्ष 2021-22 में 0.9% रह गया है; तथा यह अंतर भी विद्युत की कमी के कारण नहीं है, बल्कि स्थानीय प्रणाली की बाधाओं के कारण है।

**(ख) :** देश में दिनांक 28.02.2022 तक की स्थिति के अनुसार, 395.61 गीगावाट की संस्थापित क्षमता है जो व्यस्ततम मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। वर्ष 2021-22 के दौरान, देश ने लगभग 203 गीगावाट की व्यस्ततम मांग का अनुभव किया था।

**(ग) और (घ) :** देश में विद्युत की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति तदनुरूप विद्युत उत्पादन में वृद्धि द्वारा की जा रही है। वर्ष 2021-22 (दिनांक 28.02.2022 तक) के दौरान, 15,978.84 मेगावाट की उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि की गई है जिसमें ताप विद्युत से 3,825 मेगावाट, जल विद्युत (25 मेगावाट क्षमता से अधिक) से 213 मेगावाट और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 11,940.84 मेगावाट शामिल हैं।

*************

**<u>अनुबंध</u>**

**राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1593 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**वर्ष 2013-14 एवं वर्ष 2021-22 (फरवरी, 2022 तक) से ऊर्जा की दृष्टि से, देश तथा उत्तर प्रदेश की विद्युत आपूर्ति स्थिति का ब्यौरा**

| वर्ष | उत्तर प्रदेश | | | | अखिल भारत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ऊर्जा आवश्यकता | आपूर्ति की गई ऊर्जा | आपूर्ति नहीं की गई ऊर्जा | | ऊर्जा आवश्यकता | आपूर्ति की गई ऊर्जा | आपूर्ति नहीं की गई ऊर्जा | |
| | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (%) | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (%) |
| 2013-14 | 94,890 | 81,613 | 13,277 | 14.0 | 10,02,253 | 9,59,825 | 42,428 | 4.2 |
| 2014-15 | 1,03,179 | 87,062 | 16,117 | 15.6 | 10,68,923 | 10,30,785 | 38,138 | 3.6 |
| 2015-16 | 1,06,350 | 93,033 | 13,317 | 12.5 | 11,14,408 | 10,90,851 | 23,557 | 2.1 |
| 2016-17 | 1,07,569 | 1,05,700 | 1,869 | 1.7 | 11,42,929 | 11,35,334 | 7,595 | 0.7 |
| 2017-18 | 1,20,052 | 1,18,303 | 1,749 | 1.5 | 12,13,326 | 12,04,697 | 8,629 | 0.7 |
| 2018-19 | 1,17,133 | 1,16,149 | 984 | 0.8 | 12,74,595 | 12,67,526 | 7,070 | 0.6 |
| 2019-20 | 1,22,549 | 1,21,004 | 1,545 | 1.3 | 12,91,010 | 12,84,444 | 6,566 | 0.5 |
| 2020-21 | 1,24,367 | 1,23,383 | 984 | 0.8 | 12,75,534 | 12,70,663 | 4,871 | 0.4 |
| 2021-22 (फरवरी, 2022 तक)* | 1,18,536 | 1,17,441 | 1,095 | 0.9 | 12,51,314 | 12,46,170 | 5,144 | 0.4 |

***अनंतिम**

*************

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1594**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**मोल्लेम वन्यजीव अभयारण्य, गोवा से गुजरने वाली विद्युत पारेषण लाईन**

**1594. श्री लूइझिनो जोएक्विम फलेरो:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मोल्लेम वन्यजीव अभयारण्य से गुजरने वाली गोवा-तमनार विद्युत पारेषण परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजना को त्याग दिया जाएगा या फिर माननीय उच्चतम न्यायालय की अधिकार-प्राप्त समिति द्वारा सुझाए गए अनुरूप इसका स्थान बदला जाएगा;

(ग) मोल्लेम वन्य जीव अभयारण्य से गुजरने वाली इस विद्युत पारेषण लाइन से कितनी विद्युत (पावर) की आपूर्ति होगी और विद्युत में कितनी बढ़ोत्तरी होने का लक्ष्य है; और

(घ) वर्ष 2027 और 2032 में गोवा की कुल अनुमानित विद्युत (पावर) आवश्यकता कितनी होगी?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** गोवा-तमनार विद्युत पारेषण परियोजना का कोई भी पारेषण घटक मोल्लेम राष्ट्रीय पार्क से नहीं गुजरता है/में स्थित नहीं है। तथापि, परियोजना का एक घटक, अर्थात जेल्डेम में नरेंद्र (मौजूदा) - नरेंद्र (न्यू) 400 केवी डी/सी क्वाड लाइन के एक सर्किट का एलआईएलओ, गोवा के मोल्लेम में स्थित भगवान महावीर वन्यजीव अभ्यारण्य (2.51 कि.मी.) से गुजारने का प्रस्ताव है।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित, केंद्रीय अधिकार-प्राप्त समिति (सीईसी) ने दिनांक 23 अप्रैल, 2021 को माननीय उच्चतम न्यायालय को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में, जेल्डेम न्यू (संगोड) एस/एस तथा मापुसा 400 केवी पारेषण लाइन और 220 केवी जेल्डेम न्यू (संगोड) - जेल्डेम पारेषण लाइन के निर्माण के बाद, गोवा के मौजूदा 220 केवी अम्बेवाड़ी पोंडा डी/सी लाइन कॉरीडोर के रूट कॉरीडोर का उपयोग करके प्रस्तावित पारेषण लाइन (अर्थात जेल्डेम में नरेंद्र (मौजूदा) - नरेंद्र (न्यू) 400 केवी डी/सी क्वाड लाइन के एक सर्किट का एलआईएलओ) ले जाने की सिफारिश की है।

वर्तमान में, माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय लंबित होने के कारण, इस लाइन के उपर्युक्त खंड का कार्य रुका हुआ है।

**(ग) :** गोवा-तमनार विद्युत पारेषण परियोजना में जेल्डेम में नरेंद्र (मौजूदा) - नरेंद्र (न्यू) 400 केवी डी/सी क्वाड लाइन के एक सर्किट के एलआईएलओ का कार्यान्वयन शामिल है। इस लिंक की क्षमता 1600 मेगावाट है। मापुसा से जेल्डेम न्यू (संगोड) एस/एस तक 400 केवी लाइन के साथ-साथ यह लाइन गोवा प्रणाली को संवर्धित विश्वसनीयता प्रदान करेगी। जेल्डेम में नरेंद्र (मौजूदा) - नरेंद्र (न्यू) 400 केवी डी/सी क्वाड लाइन के एक सर्किट के एलआईएलओ का कार्यान्वयन गोवा को राष्ट्रीय ग्रिड के साथ मौजूदा कोल्हापुर-मापुसा 400 केवी डी/सी लिंक (जेल्डेम न्यू (संगोड) एस/एस तक विस्तारित की जाने वाली) के अतिरिक्त दूसरा 400 केवी फीड उपलब्ध कराएगा। इस लिंक से गोवा मौजूदा किसी एक 400 केवी लाइन की बंदी की स्थिति में भी अपने भार को पूरा कर सकेगा।

**(घ) :** जनवरी, 2017 में प्रकाशित 19वें इलेक्ट्रिक विद्युत सर्वेक्षण (ईपीएस) रिपोर्ट में प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए वर्ष 2016-17 से वर्ष 2026-27 तक के लिए विद्युत मांग प्रक्षेपण के साथ-साथ वर्ष 2031-32 और वर्ष 2036-37 हेतु भावी विद्युत मांग प्रक्षेपण शामिल किया गया है। गोवा का वर्तमान भार लगभग 646 मेगावाट है। वर्ष 2026-27 और 2031-32 के लिए गोवा की अनुमानित व्यस्ततम विद्युत मांग क्रमशः लगभग 1096 मेगावाट और 1361 मेगावाट संभावित है।

वर्ष 2026-27 और 2031-32 हेतु गोवा की अनुमानित विद्युत ऊर्जा आवश्यकता (एक्स-बस) लगभग क्रमशः 6932 एमयू और 8170 एमयू होगी।

*************

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1595**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**देश में विभिन्न विद्युत परियोजनाएं**

**1595. डॉ. किरोड़ी लाल मीणा:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश भर में ताप विद्युत/परमाणु/सौर/पन विद्युत की चालू/आने वाली परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची जारी की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) देशभर में परियोजना-वार आबंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) वापस ली गई परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, खासतौर पर राजस्थान से, ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (घ) :** विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत उत्पादन एक लाइसेंस रहित प्रक्रिया है। विद्युत की मांग और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए राज्य/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित विभिन्न यूटीलिटियों द्वारा विद्युत उत्पादन परियोजनाएं स्थापित की जाती हैं। इस संबंध में, केन्द्रीय सरकार द्वारा, कार्यनीतिक स्थानों में कुछ विशिष्ट विद्युत परियोजनाओं को छोड़कर, किसी प्रकार की निधियों का आबंटन नहीं किया गया है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के पास उपलब्ध वर्तमान/आगामी परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

**वर्तमान (दिनांक 28.02.2022 तक की स्थिति के अनुसार संस्थापित क्षमता)**

**(मेगावाट में)**

| **ईंधन** | **संस्थापित क्षमता** |
|---|---|
| ताप | 235928.72 |
| नाभिकीय | 6780.00 |
| नवीकरणीय (बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं सहित) | 152899.15 |
| **कुल** | **395607.87** |

**आगामी/निर्माणाधीन परियोजनाएं**

**(मेगावाट में)**

| **ईंधन** | **क्षमता** |
|---|---|
| तापीय | 28,460 |
| नाभिकीय | 15,700 |
| नवीकरणीय (बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं सहित) | 72,606 |
| **कुल** | **1,16,766** |

*************

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1596**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**कोयले से चलने वाले विद्युत संयंत्रों द्वारा उत्पादित बिजली**

**1596. श्री जोस के. मणि:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास विगत तीन वर्षों के दौरान देश में कोयले से चलने वाले विद्युत संयंत्रों द्वारा उत्पादित कुल बिजली संबंधी आंकड़े हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने वर्ष 2021 के दौरान देश में कोयले से पैदा होने वाली बिजली में गिरावट पाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार की निकट भविष्य में विद्युत उत्पादन हेतु कोयले से चलने वाले विद्युत संयंत्रों पर अपनी निर्भरता को कम करने हेतु कोई योजना है, यदि हां, तो इस बाबत की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (फरवरी, 2022 तक) के दौरान देश में कोयला-दहन विद्युत संयंत्रों द्वारा उत्पादन की गई विद्युत का ब्यौरा नीचे दी गई तालिका में दिया गया हैः

| वित्तीय वर्ष (एफवाई) | कोयला उत्पादन मिलियन यूनिट (एमयू) में |
|---|---|
| 2018-19 | 987681.83 |
| 2019-20 | 961218.23 |
| 2020-21 | 950937.55 |
| 2020-21 (फरवरी, 2021 तक) | 850890.95 |
| 2021-22 (फरवरी, 2022 तक) | 938363.39 |

तालिका से यह देखा जा सकता है कि कोविड-19 महामारी के कारण पिछले वर्ष 2019-20 की तुलना में वित्तीय वर्ष (एफवाई) 2020-21 के दौरान देश में कोयला दहन विद्युत उत्पादन में कमी आई है। तथापि, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वर्तमान वर्ष 2021-22 (फरवरी, 2022 तक) के दौरान कोयला दहन उत्पादन में वृद्धि हुई है।

**(ग) :** दिनांक 06.03.2022 तक की स्थिति के अनुसार, 395,592.86 मेगावाट की कुल क्षमता में से कोयला आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता 203,889.5 मेगावाट अर्थात लगभग 52% है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा तैयार किए गए वर्ष 2029-30 हेतु इष्टतम उत्पादन क्षमता मिश्र प्रक्षेपों के अनुसार, गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि के कारण वर्ष 2030 में 817 गीगावाट की कुल प्रक्षेपित क्षमता में से कोयला आधारित ताप परियोजनाओं की क्षमता लगभग 267 गीगावाट अर्थात लगभग 32% होगी।

*************

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1597**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**कोयले से चलने वाले विद्युत संयंत्रों के माध्यम से विद्युत उत्पादन**

**1597. श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कोयले से चलने वाले विद्युत संयंत्रों के माध्यम से उत्पादित कुल बिजली कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार विवरण कितना है;

(ख) उच्च तथा निम्न ताप वाले आयातित कोयले के माध्यम से देश में कुल कितनी बिजली उत्पादित की गई, तत्संबंधी राज्य-वार वितरण कितना है;

(ग) क्या कोयले, खासतौर से गैर-कोककारी कोयले के आयात में कमी बिजली उत्पादन को प्रभावित करेगी; और

(घ) क्या बिजली के उत्पादन के लिए गैर-कोककारी कोयले का वहनीय विकल्प उपलब्ध कराया गया है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क)** : विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (फरवरी, 2022 तक) के दौरान देश में कोयला संयंत्रों के माध्यम से कुल विद्युत उत्पादन के राज्य-वार ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

**(ख)** : विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (फरवरी, 2022 तक) के दौरान आयातित कोयले उच्च एवं निम्न सकल कैलोरिफिक मान दोनों के माध्यम से देश में कुल विद्युत उत्पादन के राज्य-वार ब्यौरे **अनुबंध-II** में दिए गए हैं।

**(ग)** : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा संकलित सूचना के अनुसार, वर्ष 2021-22 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान कोयले का आयात मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आयातित कोयले की उच्च कीमत के कारण पिछले वर्ष की समान अवधि में 39.0 मी. टन की तुलना में घटकर 22.7 मी. टन हो गया। आयातित कोयले की इस कमी की भरपाई घरेलू कोयले की बढ़ी हुई आपूर्ति के माध्यम से की गई है, जो कि वर्ष 2020-21 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 442.6 मी. टन से वर्ष 2021-22 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 547.2 मी. टन हो गई है। इस प्रकार, कोयले के आयात में कमी के कारण उत्पादन में हुई हानि की भरपाई घरेलू कोयला आधारित संयंत्रों से अधिक उत्पादन से की गई है।

**(घ)** : हमारा लक्ष्य वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता (हाइड्रो, परमाणु, सौर पीवी, पवन, बायोमास आदि) से 500 गीगावाट संस्थापित क्षमता हासिल करना है। यह भविष्य में कोयले पर आधारित उत्पादन को काफी हद तक स्थानापन्न करेगा।

*************

**अनुबंध-I**

**राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1597 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**************

**विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (फरवरी, 2022 तक) के दौरान कोयला संयंत्रों (राज्य-वार) के माध्यम से उत्पादित विद्युत का ब्यौरा**

| क्षेत्र | राज्य | ईंधन | स्टेशनों के नाम | दिनांक 28.02.2022 तक की स्थिति के अनुसार निगरानी की गई क्षमता मेगावाट | उत्पादन (एमयू) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | *2021-22 (फरवरी, 22 तक) एमयू | 2020-21 | 2019-20 | 2018-19 |
| उत्तरी क्षेत्र | दिल्ली | कोयला | बदरपुर टीपीएस | - | - | - | 0 | 1400.33 |
| | हरियाणा | कोयला | इंदिरा गांधी एसटीपीपी | 1500 | 6217.36 | 3654.73 | 3842.82 | 7387.28 |
| | | कोयला | महात्मा गांधी टीपीएस | 1320 | 7356.31 | 4873.03 | 5888.87 | 6898.35 |
| | | कोयला | पानीपत टीपीएस | 710 | 2301.92 | 1218.49 | 1972.8 | 3378.89 |
| | | कोयला | राजीव गांधी टी.पी.एस | 1200 | 2355.21 | 1636.91 | 2316.12 | 3852.19 |
| | | कोयला | यमुना नगर टीपीएस | 600 | 2197.29 | 2611.42 | 2741.24 | 3321.63 |
| | पंजाब | कोयला | जीएच टीपीएस (लेह. मोह.) | 920 | 1708.49 | 905.76 | 915.99 | 2485.15 |
| | | कोयला | गोइंदवाल साहिब टीपीपी | 540 | 1722.82 | 1282.71 | 1312.74 | 2445.49 |
| | | कोयला | राजपुरा टीपीपी | 1400 | 8792.23 | 7951.49 | 8757.21 | 9123.71 |
| | | कोयला | रोपड़ टीपीएस | 840 | 1399.18 | 883.52 | 1051.62 | 1669.99 |
| | | कोयला | तलवंडी साबो टीपीपी | 1980 | 7950.6 | 6971.31 | 8864.11 | 10639.92 |
| | राजस्थान | कोयला | छाबड़ा टीपीपी | - | - | 14421.24 | 13515.68 | 10379.13 |
| | | कोयला | छाबड़ा-I फेज-1 टीपीपी | 500 | 2225.98 | - | - | - |
| | | कोयला | छाबड़ा-I फेज-2 टीपीपी | 500 | 1927.52 | - | - | - |
| | | कोयला | छाबड़ा-II टीपीपी | 1320 | 4878.89 | - | - | - |
| | | कोयला | कालीसिंध टीपीएस | 1200 | 6375.73 | 6089.98 | 5728.09 | 5550.4 |
| | | कोयला | कवाई टीपीएस | 1320 | 7439.07 | 8590.5 | 8000.29 | 7599.26 |
| | | कोयला | कोटा टीपीएस | 1240 | 6281.63 | 5192.46 | 6513.16 | 7921.01 |
| | | कोयला | सूरतगढ़ एसटीपीएस | 1320 | 4111.29 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | सूरतगढ़ टीपीएस | 1500 | 3038.76 | 2443.87 | 4690.34 | 7168.92 |
| | उत्तर प्रदेश | कोयला | अनपरा सी टीपीएस | 1200 | 7486.28 | 8666.5 | 7539.56 | 8236.75 |
| | | कोयला | अनपरा टीपीएस | 2630 | 15718.62 | 15279.04 | 17047.66 | 20140.46 |
| | | कोयला | बरखेड़ा टीपीएस | 90 | 193.49 | 184.19 | 90.84 | 148.7 |
| | | कोयला | दादरी (एनसीटीपीपी) | 1820 | 5261.31 | 3957.75 | 6546.43 | 10533.54 |
| | | कोयला | हरदुआगंज टीपीएस | 1265 | 1216.35 | 2142.65 | 3274.14 | 3141.52 |
| | | कोयला | खांबरखेड़ा टी.पी.एस | 90 | 192.32 | 188.1 | 79.81 | 141.2 |
| | | कोयला | कुंदरकी टीपीएस | 90 | 274.72 | 246.58 | 125.18 | 203.67 |
| | | कोयला | ललितपुर टीपीएस | 1980 | 8856.12 | 7289.49 | 7174.91 | 5449.92 |
| | | कोयला | मकसूदपुर टीपीएस | 90 | 196.03 | 190.83 | 102.56 | 141.28 |
| | | कोयला | मेजा एसटीपीपी | 1320 | 7138.66 | 4054.65 | 1050.67 | 69.61 |
| | | कोयला | ओबरा टीपीएस | 1094 | 4201.69 | 4698.93 | 3695.92 | 3648.03 |
| | | कोयला | परीछा टीपीएस | 1140 | 3361.88 | 3677.32 | 3835.22 | 4978.88 |
| | | कोयला | प्रयागराज टीपीपी | 1980 | 10685.71 | 10751.13 | 9120.88 | 7759.32 |
| | | कोयला | रिहंद एसटीपीएस | 3000 | 20274.75 | 23398.68 | 23359.27 | 22686.8 |
| | | कोयला | रोसा टीपीपी फेज-I | 1200 | 5530.29 | 6751.18 | 6039.7 | 4340.9 |
| | | कोयला | सिंगरौली एसटीपीएस | 2000 | 13057.53 | 14959.51 | 15331.89 | 14798.21 |
| | | कोयला | टांडा टीपीएस | 1760 | 7553.1 | 5738.68 | 3958.39 | 2371.8 |
| | | कोयला | ऊंचाहार टीपीएस | 1550 | 7429.84 | 7156.4 | 8526.46 | 7241 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कोयला | उतरौला टीपीएस | 90 | 241.85 | 261.35 | 119.42 | 196.09 |
| पश्चिमी क्षेत्र | छत्तीसगढ़ | कोयला | अकलतरा टीपीएस | 1800 | 7928.62 | 10475.04 | 10309.8 | 7912.22 |
| | | कोयला | अवंथा भंडार | 600 | 3256.26 | 2877.03 | 483.99 | 0 |
| | | कोयला | बाल्को टीपीएस | 600 | 3086.43 | 3781.65 | 3497.96 | 2768.07 |
| | | कोयला | बंदाखार टीपीपी | 300 | 1969.29 | 2090.95 | 2062.18 | 2137.6 |
| | | कोयला | बारदरहा टीपीएस | 1200 | 7744.66 | 8073.35 | 6439.02 | 6729.62 |
| | | कोयला | भिलाई टीपीएस | 500 | 3158.39 | 3209.98 | 2745.97 | 3426.23 |
| | | कोयला | बिंजकोट टीपीपी | 600 | 1644.9 | 1866.84 | 2683.49 | 1464.92 |
| | | कोयला | चकबुरा टीपीपी | 30 | 81.58 | 204.38 | 235.35 | 241.55 |
| | | कोयला | डीएसपीएम टीपीएस | 500 | 3546.26 | 3336.85 | 3847.87 | 3828.15 |
| | | कोयला | कसईपल्ली टीपीपी | 270 | 1208.9 | 1404.55 | 1695.85 | 1900.36 |
| | | कोयला | कटघोरा टीपीपी | 35 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | कोरबा एसटीपीएस | 2600 | 19593.4 | 21332.59 | 19793.34 | 20083.42 |
| | | कोयला | कोरबा-II | - | - | 0 | 0 | 226.1 |
| | | कोयला | कोरबा-III | 0 | 0 | 975.72 | 1308.74 | 1317.27 |
| | | कोयला | कोरबा-पश्चिम टीपीएस | 1340 | 8049.04 | 9379.24 | 8699.78 | 9472.41 |
| | | कोयला | लारा टीपीपी | 1600 | 10409.95 | 6096.63 | 2752.24 | 262.91 |
| | | कोयला | मारवा टीपीएस | 1000 | 4247.77 | 4542.2 | 4356.14 | 6415.52 |
| | | कोयला | नवापारा टीपीपी | 600 | 574.5 | 1963.01 | 1926.84 | 3095.17 |
| | | कोयला | ओपी जिंदल टीपीएस | 1000 | 4610.85 | 4397.99 | 2341.8 | 3349.21 |
| | | कोयला | पथाडी टीपीपी | 600 | 3647.06 | 4568.84 | 3480.5 | 4293.08 |
| | | कोयला | रायखेड़ा टीपीपी | 1370 | 7955.44 | 6540.99 | 5831.21 | 2830.89 |
| | | कोयला | रतीजा टीपीएस | 100 | 605.54 | 483.68 | 714.2 | 799.1 |
| | | कोयला | सलोरा टीपीपी | 135 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | सीपत एसटीपीएस | 2980 | 19575.84 | 23524.78 | 22530.32 | 23907.12 |
| | | कोयला | एसवीपीएल टीपीपी | 63 | 0 | 0 | 313.1 | 12.44 |
| | | कोयला | स्वास्तिक कोरबा टीपीपी | 25 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | तमनार टीपीपी | 2400 | 8322.75 | 8667.68 | 7119.61 | 7044.63 |
| | | कोयला | उचपिंडा टीपीपी | 1440 | 6007.54 | 4820.53 | 2822.97 | 1953.26 |
| | गुजरात | कोयला | गांधी नगर टीपीएस | 630 | 2908.99 | 1464.48 | 1709.1 | 3703.99 |
| | | कोयला | मुंद्रा टीपीएस | - | - | - | 29825.01 | 23912.38 |
| | | कोयला | मुंद्रा टीपीएस-I और II | 2640 | 7848.69 | 13693.7 | - | - |
| | | कोयला | मुंद्रा टीपीएस-III | 1980 | 2982.15 | 11971.28 | - | - |
| | | कोयला | मुंद्रा यूएमटीपीपी | 4000 | 8375.54 | 26208.53 | 26495.39 | 26839.3 |
| | | कोयला | साबरमती (डी-एफ स्टेशन) | 362 | 2217.4 | 1403.8 | 2317.99 | 2785.64 |
| | | कोयला | सलाया टीपीपी | 1200 | 0 | 4048.87 | 4589.86 | 0 |
| | | कोयला | सिक्का रिब. टी पी एस | 500 | 962.12 | 1836.22 | 2711.25 | 2725.93 |
| | | कोयला | उकई टीपीएस | 1110 | 4389.83 | 4601.92 | 5781.18 | 6936.96 |
| | | कोयला | वानकबोरी टीपीएस | 2270 | 9931.34 | 6408.75 | 5581.26 | 8343.14 |
| | मध्य प्रदेश | कोयला | अमरकंटक एक्सटेंशन टीपीएस | 210 | 1381.35 | 1632.45 | 1691.61 | 1636.16 |
| | | कोयला | अनूपपुर टीपीपी | 1200 | 6954.88 | 6654.31 | 6267.72 | 6689.6 |
| | | कोयला | बीना टीपीएस | 500 | 2161.72 | 1686.39 | 2513.68 | 2503.79 |
| | | कोयला | गडरवारा टीपीपी | 1600 | 7005.51 | 4497 | 1076.12 | 0 |
| | | कोयला | खरगोन एसटीपीपी | 1320 | 5572.23 | 4340.13 | 959.11 | - |
| | | कोयला | महान टीपीपी | 1200 | 2935.73 | 2889.61 | 3281.04 | 3220.09 |
| | | कोयला | निगरी टीपीपी | 1320 | 7785.04 | 8106.4 | 6356.69 | 7330.28 |
| | | कोयला | निवारी टीपीपी | 90 | 145.14 | 170.23 | 243.25 | 77.38 |
| | | कोयला | संजय गांधी टी.पी.एस | 1340 | 5785.64 | 8616.32 | 6604.2 | 8680.63 |
| | | कोयला | सासन यूएमटीपीपी | 3960 | 29779.89 | 33387.69 | 33340.92 | 32877.27 |
| | | कोयला | सतपुरा टीपीएस | 1330 | 3090.14 | 4505.8 | 5276.35 | 7472.97 |
| | | कोयला | सियोनी टीपीपी | 600 | 3278.21 | 3677.23 | 2901.09 | 2500.55 |
| | | कोयला | श्री सिंगाजी टीपीपी | 2520 | 8375.4 | 5928.37 | 8647.04 | 7753.38 |
| | | कोयला | विंध्याचल एसटीपीएस | 4760 | 32793.88 | 36997.85 | 35659.46 | 37539 |
| | महाराष्ट्र | कोयला | अमरावती टीपीएस | 1350 | 8093.24 | 2835.89 | 3196.28 | 4074.09 |
| | | कोयला | बेला टीपीएस | 270 | 0 | 0 | 0 | 149.37 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कोयला | भुसावल टीपीएस | 1210 | 5665.41 | 4801.3 | 5317.27 | 6595.75 |
| | | कोयला | बुटीबोरी टीपीपी | 600 | 0 | 0 | 0 | 2212.73 |
| | | कोयला | चंद्रपुर (महाराष्ट्र) एसटीपीएस | 2920 | 13448.53 | 16097.12 | 16028.86 | 15850.79 |
| | | कोयला | दहानु टीपीएस | 500 | 3026.46 | 3206.13 | 3347.43 | 3617.02 |
| | | कोयला | धारीवाल टीपीपी | 600 | 3625.37 | 4228.79 | 3378.1 | 3228.9 |
| | | कोयला | जीईपीएल टीपीपी फेज-I | 120 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | जीएमआर वरोरा टीपीएस | 600 | 3057.83 | 3934.82 | 4138.84 | 3895.25 |
| | | कोयला | जेएसडब्ल्यू रत्नागिरी टीपीपी | 300 | 3327.13 | 6199.03 | 7868.77 | 8019.75 |
| | | कोयला | खापरखेड़ा टीपीएस | 1340 | 6395.55 | 7930.84 | 7260.45 | 7471.18 |
| | | कोयला | कोराडी टीपीएस | 2190 | 10464.65 | 8430.42 | 9466.38 | 8429.52 |
| | | कोयला | मौदा टीपीएस | 2320 | 11148.95 | 6694.84 | 10403.74 | 11878.13 |
| | | कोयला | मिहान टीपीएस | 246 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | नासिक (पी) टीपीएस | 1350 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | नासिक टीपीएस | 630 | 1788.67 | 737.11 | 2359.7 | 2316.16 |
| | | कोयला | पारस टीपीएस | 500 | 2325.27 | 3368.79 | 2773.98 | 2628.25 |
| | | कोयला | परली टीपीएस | 750 | 2637 | 2408.06 | 2434.21 | 2842.07 |
| | | कोयला | शीरपुर टीपीपी | 150 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | सोलापुर एसटीपीएस | 1320 | 4352.08 | 3586.06 | 817.22 | 1783.67 |
| | | कोयला | तिरोरा टीपीएस | 3300 | 19352.62 | 18049.49 | 23254.4 | 21665.55 |
| | | कोयला | ट्रॉम्बे टीपीएस | 750 | 4131.44 | 3586.29 | 4758.17 | 5018.74 |
| | | कोयला | वर्धा वरोरा टीपीपी | 540 | 2071.02 | 2078.85 | 198.36 | 1052.44 |
| दक्षिणी क्षेत्र | आंध्र प्रदेश | कोयला | दामोदरम संजीवैया टीपीएस | 1600 | 5053.68 | 7228.27 | 7127.55 | 6957.21 |
| | | कोयला | डॉ. एन. टाटा राव टी.पी.एस. | 1760 | 10447.96 | 8330.96 | 11061.93 | 10885.93 |
| | | कोयला | पैनमपुरम टीपीपी | 1320 | 8550.23 | 8992.83 | 10302.97 | 8369.17 |
| | | कोयला | रायलसीमा टीपीएस | 1650 | 6002.08 | 2373.87 | 6408.9 | 6637.55 |
| | | कोयला | एसजीपीएल टीपीपी | 1320 | 6833.84 | 9270.13 | 8403.69 | 9736.08 |
| | | कोयला | सिम्हाद्री | 2000 | 10199.96 | 8679 | 10649.71 | 12449.08 |
| | | कोयला | सिम्हापुरी टीपीएस | 600 | 0 | 0 | 0 | 99.46 |
| | | कोयला | थम्मिनापट्टनम टीपीएस | 300 | 422.41 | 126.83 | 0 | 36.59 |
| | | कोयला | विजाग टीपीपी | 1040 | 201.16 | 1143.82 | 2961.32 | 949.1 |
| | कर्नाटक | कोयला | बेल्लारी टीपीएस | 1700 | 6021.96 | 3094.68 | 4050.4 | 4059.06 |
| | | कोयला | कुडगी एसटीपीपी | 2400 | 5379.94 | 4711.33 | 4604.36 | 7566.33 |
| | | कोयला | रायचूर टीपीएस | 1720 | 6101.05 | 3927.85 | 8532.64 | 8917.98 |
| | | कोयला | तोरंगल्लू टीपीएस (एसबीयू-I) | 260 | 1270.93 | 1007.73 | 1130.77 | 1319.47 |
| | | कोयला | तोरंगल्लू टीपीएस (एसबीयू-II) | 600 | 1747.22 | 1389.74 | 1863.53 | 2484.62 |
| | | कोयला | उडुपी टीपीपी | 1200 | 1300.98 | 2350.12 | 3277.94 | 5214.35 |
| | | कोयला | येरमारस टीपीपी | 1600 | 4738.21 | 3379.79 | 376.78 | 790.93 |
| | तमिलनाडु | कोयला | आईटीपीसीएल टीपीपी | 1200 | 3009.52 | 4819.06 | 7235.28 | 5544.59 |
| | | कोयला | मेट्टूर टीपीएस | 840 | 4404.67 | 3544.11 | 4619.22 | 5807.22 |
| | | कोयला | मेट्टूर टीपीएस-II | 600 | 2485.02 | 1418.37 | 2596.36 | 3153.1 |
| | | कोयला | मुथियारा टीपीपी | 1200 | 1165.47 | 2297.1 | 3559.82 | 3221.74 |
| | | कोयला | नॉर्थ चेन्नई टीपीएस | 1830 | 7067.71 | 6458.77 | 9047.66 | 10711.12 |
| | | कोयला | एनटीपीएल तूतीकोरिन टीपीपी | 1000 | 3874.66 | 5290.62 | 4844.41 | 5486.62 |
| | | कोयला | तूतीकोरिन (पी) टीपीपी | 300 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | तूतीकोरिन टीपीपी स्टे.-IV | 525 | 0 | - | - | - |
| | | कोयला | तूतीकोरिन टीपीएस | 1050 | 4579.01 | 4132.38 | 5303.36 | 6306.31 |
| | | कोयला | वल्लूर टीपीपी | 1500 | 6998.25 | 4369 | 5674.72 | 7706.87 |
| | तेलंगाना | कोयला | भद्राद्री टीपीपी | 1080 | 4569.04 | 1670.75 | 0 | 0 |
| | | कोयला | काकतीय टी.पी.एस | 1100 | 6399.81 | 6322.47 | 7554.74 | 7727.37 |
| | | कोयला | कोठागुडेम टीपीएस | - | - | 0 | 2295.57 | 3611.15 |
| | | कोयला | कोठागुडेम टीपीएस (नया) | 1000 | 5714.4 | 6316.18 | 7167.84 | 7543.74 |
| | | कोयला | कोठागुडेम टीपीएस (चरण-7) | 800 | 5260.1 | 6109.56 | 3578.51 | 1666.74 |
| | | कोयला | रामगुंडम एसटीपीएस | 2600 | 15814.77 | 16711.55 | 17126.05 | 18547.91 |
| | | कोयला | रामगुंडम-बी टीपीएस | 62.5 | 242.62 | 285.95 | 398.09 | 423.03 |
| | | कोयला | सिंगरेनी टीपीपी | 1200 | 8459.2 | 7344.3 | 9226.98 | 8698.48 |
| पूर्वी | बिहार | कोयला | बरौनी टीपीएस | 710 | 2217.71 | 1362.95 | 228.69 | 44.85 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र | | कोयला | बाढ़-I | 660 | 1063.23 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | बाढ़-II | 1320 | 6591.24 | 7803.8 | 8219.09 | 9845.23 |
| | | कोयला | कहलगांव टीपीएस | 2340 | 14757.19 | 13231.15 | 16504.46 | 16485.91 |
| | | कोयला | मुजफ्फरपुर टीपीएस | 390 | 2561.43 | 2468.93 | 2904.66 | 3039.78 |
| | | कोयला | नबीनगर एसटीपीपी | 1320 | 7115.21 | 4734.79 | 2616.7 | 0 |
| | | कोयला | नबीनगर टीपीपी | 1000 | 5035.48 | 4264.52 | 4887.16 | 2754.75 |
| | झारखंड | कोयला | बोकारो `बी` टीपीएस | 0 | 0 | 18.59 | 94.03 | 688.44 |
| | | कोयला | बोकारो टीपीएस `ए` एक्सपें. | 500 | 2638.1 | 3271.47 | 2689.99 | 2920.75 |
| | | कोयला | चंद्रपुरा (डीवीसी) टीपीएस | 500 | 3464.99 | 3268.59 | 3425.71 | 3560.59 |
| | | कोयला | जोजोबेरा टीपीएस | 240 | 1456.19 | 1417.27 | 1464.39 | 1519.04 |
| | | कोयला | कोडरमा टीपीपी | 1000 | 6219.67 | 7508.95 | 6459.72 | 6278.75 |
| | | कोयला | महादेव प्रसाद एसटीपीपी | 540 | 3348.14 | 3113.78 | 3029.42 | 2876.22 |
| | | कोयला | मैथन आरबी टीपीपी | 1050 | 7082.08 | 6383.36 | 6488.2 | 7267.81 |
| | | कोयला | तेनुघाट टीपीएस | 420 | 1536.47 | 2237.96 | 2420.62 | 1689.05 |
| | ओडिशा | कोयला | दर्लीपाली एसटीपीएस | 1600 | 7948.1 | 4775.89 | 421.11 | 0 |
| | | कोयला | देरांग टीपीपी | 1200 | 7715.01 | 5936.33 | 5199.79 | 4213.6 |
| | | कोयला | आईबी वैली टीपीएस | 1740 | 9177.38 | 8643.13 | 6495.79 | 3085.46 |
| | | कोयला | आईसीसीएल इम्पॉ. | 0 | 258.6 | 235.75 | 271.59 | 186.59 |
| | | कोयला | कमलंगा टीपीएस | 1050 | 6833.89 | 7101.19 | 5865.43 | 6690.02 |
| | | कोयला | नाल्को इम्पॉ. | 0 | 53.56 | 177.75 | 46.3 | 194.02 |
| | | कोयला | तालचर (ओल्ड) टीपीएस | 0 | 0 | 3405.51 | 3378.28 | 3606.84 |
| | | कोयला | तालचर एसटीपीएस | 3000 | 19957.99 | 21897.14 | 19261.2 | 21242.3 |
| | | कोयला | उत्कल टीपीपी (इंड बराथ) | 350 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कोयला | वेदांत टीपीपी | 600 | 2276.82 | 3033.78 | 585.71 | 828.09 |
| | पश्चिम बंगाल | कोयला | बकरेश्वर टीपीएस | 1050 | 7532.17 | 7896.57 | 7002.77 | 7182.26 |
| | | कोयला | बंदेल टीपीएस | 330 | 1553.32 | 1170.8 | 860.04 | 1315.39 |
| | | कोयला | बज बज टीपीएस | 750 | 5049.86 | 5422.69 | 5798.13 | 6011.69 |
| | | कोयला | डी.पी.एल. टी पी एस | 550 | 2346.39 | 2787.96 | 2233.33 | 2442.23 |
| | | कोयला | दिशेरगढ़ टीपीपी | 12 | 0 | - | - | - |
| | | कोयला | दुर्गापुर स्टील टीपीएस | 1000 | 5524.2 | 5780.98 | 6319.02 | 6293.54 |
| | | कोयला | दुर्गापुर टीपीएस | 210 | 173.16 | 135.82 | 437.85 | 981.28 |
| | | कोयला | फरक्का एसटीपीएस | 2100 | 11119.42 | 11928.6 | 13132.63 | 14846.44 |
| | | कोयला | हल्दिया टीपीपी | 600 | 3885.02 | 4224.94 | 4430.09 | 4614.74 |
| | | कोयला | हिरणमय टीपीपी | 300 | 949.84 | 433.86 | 10.02 | 80.71 |
| | | कोयला | कोलाघाट टीपीएस | 1260 | 3857.38 | 1769.36 | 2871.42 | 4422.88 |
| | | कोयला | मेजिया टीपीएस | 2340 | 13128.79 | 12828.81 | 12540.81 | 12744.35 |
| | | कोयला | रघुनाथपुर टीपीपी | 1200 | 5501.21 | 5225.69 | 5030.71 | 3208.4 |
| | | कोयला | सागरदिघी टीपीएस | 1600 | 10716.41 | 9596.12 | 6695.31 | 6051.94 |
| | | कोयला | संतालडीह टीपीएस | 500 | 3543.7 | 3442.98 | 3693.99 | 3552.62 |
| | | कोयला | दक्षिणी उत्तर. टी पी एस | 135 | 138.76 | 89.89 | 339.27 | 283.78 |
| | | कोयला | टीटागढ़ टीपीएस | 240 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र | असम | कोयला | बोंगाईगांव टीपीपी | 750 | 3771.83 | 2976.74 | 3929.96 | 2824.21 |
| कुल | | | | 203899.50 | 938363.63 | 950937.55 | 961218.23 | 987681.83 |

*** वास्तविक-सह-मूल्यांकन के आधार पर अनंतिम**

**1. केवल 25 मेगावाट और उससे अधिक के कोयला स्टेशनों से सकल उत्पादन।**

***************

<u>**अनुबंध-II**</u>

**राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1597 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**************

**विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (फरवरी, 2022 तक) के दौरान आयातित कोयले के माध्यम से उत्पादित विद्युत (राज्य-वार) का ब्यौरा**

| | | | | | उत्पादन (एमयू) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्षेत्र** | **राज्य** | **ईंधन** | **स्टेशनों के नाम** | **दिनांक 28.02.2022 तक की स्थिति के अनुसार निगरानी की गई क्षमता मेगावाट** | ***2021-22 (फरवरी, 22 तक)** | **2020-21** | **2019-20** | **2018-19** |
| पश्चिमी क्षेत्र | गुजरात | कोयला-I | मुंद्रा टीपीएस | - | - | - | 29825.01 | 23912.38 |
| | | कोयला-I | मुंद्रा टीपीएस-I और II | 2640 | 7848.69 | 13693.7 | - | - |
| | | कोयला-I | मुंद्रा टीपीएस-III | 1980 | 2982.15 | 11971.28 | - | - |
| | | कोयला-I | मुंद्रा यूएमटीपीपी | 4000 | 8375.54 | 26208.53 | 26495.39 | 26839.3 |
| | | कोयला-I | सलाया टीपीपी | 1200 | 0 | 4048.87 | 4589.86 | 0 |
| | | कोयला-I | सिक्का रिप. टीपीएस | 500 | 962.12 | 1836.22 | 2711.25 | 2725.93 |
| | महाराष्ट्र | कोयला-I | जेएसडब्ल्यू रत्नागिरी टीपीपी | 300 | 3327.13 | 6199.03 | 7868.77 | 8019.75 |
| | | कोयला-I | ट्रॉम्बे टीपीएस | 750 | 4131.44 | 3586.29 | 4758.17 | 5018.74 |
| दक्षिणी क्षेत्र | आंध्र प्रदेश | कोयला-I | सिम्हापुरी टीपीएस | 600 | 0 | 0 | 0 | 99.46 |
| | | कोयला-I | थम्मिनापट्टनम टीपीएस | 300 | 422.41 | 126.83 | 0 | 36.59 |
| | कर्नाटक | कोयला-I | तोरंगल्लू टीपीएस (एसबीयू-I) | 260 | 1270.93 | 1007.73 | 1130.77 | 1319.47 |
| | | कोयला-I | तोरंगल्लू टीपीएस (एसबीयू-II) | 600 | 1747.22 | 1389.74 | 1863.53 | 2484.62 |
| | | कोयला-I | उडुपी टीपीपी | 1200 | 1300.98 | 2350.12 | 3277.94 | 5214.35 |
| | तमिलनाडु | कोयला-I | आईटीपीसीएल टीपीपी | 1200 | 3009.52 | 4819.06 | 7235.28 | 5544.59 |
| | | कोयला-I | मुथियारा टीपीपी | 1200 | 1165.47 | 2297.1 | 3559.82 | 3221.74 |
| | | कोयला-I | तूतीकोरिन (पी) टीपीपी | 300 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल | | | | 17030 | 36543.6 | 79534.5 | 93315.79 | 84436.92 |

*** वास्तविक-सह-मूल्यांकन के आधार पर अनंतिम**

**1. केवल 25 मेगावाट और उससे अधिक के कोयला स्टेशनों से सकल उत्पादन।**

**************

**भारत सरकार**

**विद्‌युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1598**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**विद्‌युत क्षेत्र द्‌वारा सिंचाई परियोजनाओं का वित्तपोषण**

**1598. डॉ. सी. एम. रमेश:**

क्या **विद्‌युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विद्‌युत वित्त निगम (पीएफसी) और ग्रामीण विद्‌युतीकरण निगम लिमिटेड (आरईसी) जो कि विद्‌युत क्षेत्र को समर्पित हैं और विद्‌युत परियोजनाओं को बढ़ावा देते हैं, सिंचाई परियोजनाओं को भी वित्तपोषित कर रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वे कौन-से राज्य हैं जहां ऐसी परियोजनाएं वित्तपोषित की जा रही हैं, यह दायित्व किसे सौंपा गया है और क्या समुचित प्राधिकारियों से आवश्यक पर्यावरणीय अनुमोदन और अन्य सांविधिक अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या नई सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवेदन लंबित हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्‌युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** पावर फाइनेंस कारपोरेशन (पीएफसी) लिमिटेड और आरईसी लिमिटेड (पूर्व में रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन के रूप में ज्ञात) विद्‌युत क्षेत्र की परियोजनाओं के साथ-साथ सिंचाई परियोजनाओं का इलेक्ट्रोमैकेनिकल (ईएम), हाइड्रो-मैकेनिकल (एचएम) तथा पम्प, मोटर, प्रेशर मेन्स जैसे सहायक सिविल कार्यों और संबद्‌ध संघटकों/कार्यों आदि का वित्तपोषण करते हैं। इसके ब्यौरे **अनुबंध** पर दिए गए हैं।

**(ग) :** परियोजनाओं का वित्तपोषण एक निरन्तर प्रक्रिया है और मामले की मेरिट के आधार पर संचालित की जाती है। इस समय, पीएफसी के पास नई सिंचाई परियोजना के वित्तपोषण के लिए कोई आवेदन लंबित नहीं है। इसके अतिरिक्त, आरईसी लिमिटेड के संबंध में, कालेश्वरम सिंचाई परियोजना निगम लिमिटेड (तेलंगाना सरकार द्‌वारा निगमित स्पेशल पर्पज़ व्हीकल) ने पलामुरू रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई स्कीम (पीआरएलआईएस) और 22 लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत इलेक्ट्रो-मैकेनिकल (ईएम), हाइड्रो-मैकेनिकल (एचएम) तथा संबद्‌ध सिविल कार्यों के निष्पादन के लिए क्रमशः 8,927.27 करोड़ रूपये और 3,444.97 करोड़ रूपये के सावधि ऋण की मांग की है।

*************

**<u>अनुबंध</u>**

**राज्य सभा में दिनांक 15.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1598 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

| ऋणदाता कंपनी | परियोजना का नाम | राज्य | राज्य निष्पादन एजेंसी | लागू स्वीकृतियां | उपलब्ध और शेष स्वीकृतियां |
|---|---|---|---|---|---|
| पीएफसी लिमिटेड | कालेश्वरम परियोजना | तेलंगाना | कालेश्वरम सिंचाई परियोजना कंपनी लिमिटेड | i. सीडब्ल्यूसी<br>ii. पर्यावरण स्वीकृतियां<br>iii. वन स्वीकृतियां | i. उपलब्ध<br>ii. उपलब्ध<br>iii. उपलब्ध |
| पीएफसी लिमिटेड | पालामुरू रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना (पीआरएलआईएस परियोजना)* | तेलंगाना | कालेश्वरम सिंचाई परियोजना निगम लिमिटेड | i. सीडब्ल्यूसी<br>ii. पर्यावरण स्वीकृतियां<br>iii. वन स्वीकृतियां | i. लंबित<br>ii. 10 अगस्त, 2021 को ईआईए सार्वजनिक सुनवाई हुई थी पर्यावरणीय स्वीकृति प्रतीक्षित हैं।<br>iii. उपलब्ध |
| पीएफसी लिमिटेड | रयालसीमा सूखा शमन स्कीम** | आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश रयालसीमा सूखा शमन परियोजना विकास निगम लिमिटेड | इस योजना में 25 परियोजनाएं हैं। अधिकतर परियोजनाएं मौजूदा परियोजनाओं का विस्तार, नवीकरण/आधुनिकीकरण हैं। जहां कहीं अपेक्षित हो स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिए उपयुक्त शर्तें निर्धारित की गई हैं। जहां कहीं आवश्यक है स्वीकृतियां प्रक्रियाधीन हैं। | |
| आरईसी लिमिटेड | चिंतालापुडी लिफ्ट सिंचाई स्कीम | आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश जल संसाधन विकास निगम (एपीडब्ल्यूआरडीसी) | i. सीडब्ल्यूसी स्वीकृति<br>ii. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्वीकृति | i. सचिव, जल संसाधन, आंध्र प्रदेश सरकार ने दिनांक 17.11.2021 के पत्र द्वारा सूचित किया है कि सीडब्ल्यूसी स्वीकृति अनिवार्य नहीं है।<br>ii. प्रक्रियाधीन |
| आरईसी लिमिटेड | कोंडाविटिवागु लिफ्ट स्कीम- बाढ़ राहत स्कीम | आंध्र प्रदेश | | | उधारकर्ता ने सूचित किया है कि दोनों ही स्वीकृतियां अपेक्षित नहीं हैं। |
| आरईसी लिमिटेड | पुरुषोत्तपट्टम लिफ्ट सिंचाई स्कीम | आंध्र प्रदेश | | | i. सचिव, जल संसाधन, आंध्र प्रदेश सरकार ने दिनांक 17.11.2021 के पत्र द्वारा सूचित किया है कि पृथक अनुमोदन आवश्यक नहीं है।<br>ii. प्रक्रियाधीन |
| आरईसी लिमिटेड | गोदावरी-पेन्ना नदियों की इंटरलिंकिंग चरण 1 परियोजना | आंध्र प्रदेश | | | i. सचिव, जल संसाधन, आंध्र प्रदेश सरकार ने दिनांक 17.11.2021 के पत्र द्वारा सूचित किया है कि सीडब्ल्यूसी स्वीकृति आवश्यक नहीं है।<br>ii. सचिव, जल संसाधन, आंध्र प्रदेश सरकार ने दिनांक 17.11.2021 के पत्र द्वारा सूचित किया है कि स्वीकृति आवश्यक नहीं है। |
| आरईसी लिमिटेड | रयालसीमा सूखा शमन स्कीम | आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश रयालसीमा सूखा शमन परियोजना विकास निगम लिमिटेड | | i. अननुमोदित<br>ii. प्रक्रियाधीन |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (एपीआरडीएमपीडीसीएल) | | |
| आरईसी लिमिटेड | इंदिरम्मा बाढ़ प्रवाह नहर (आईएफएफसी) | तेलंगाना | तेलंगाना राज्य जल संसाधन अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (टीएसडब्ल्यूआरआईडीसीएल) | i. सीडब्ल्यूसी स्वीकृति<br>ii. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्वीकृति | i. प्राप्त<br>ii. प्राप्त |
| आरईसी लिमिटेड | सीता राम लिफ्ट सिंचाई परियोजना | तेलंगाना | | | i. अनुमोदित<br>उधारकर्ता ने सूचित किया है कि सीडब्ल्यूसी से स्वीकृतियां प्रक्रियाधीन हैं।<br>ii. प्राप्त |
| आरईसी लिमिटेड | थुपाकुलागुडेम में पीवी नरसिम्हाराव- कंथानापल्ली सुजालास्रावंती स्कीम | तेलंगाना | | | i. अननुमोदित<br>ऋणकर्ता ने सूचित किया है कि सीडब्ल्यूसी से स्वीकृतियां प्रक्रियाधीन हैं।<br>ii. प्राप्त |
| आरईसी लिमिटेड | जे. चोक्काराव-देवादुला लिफ्ट सिंचाई परियोजना | तेलंगाना | | | i. प्राप्त<br>ii. प्राप्त |
| | देवदुला के अंतर्गत ईएंडएम कार्य और अन्य कार्य पहले ही निष्पादित किए जा चुके हैं | | | | |
| आरईसी लिमिटेड | लिंक 2 के अंतर्गत श्रीपद यल्लमपल्ली परियोजना (एसवाईपी) से मिड मन्नायर जलाशय को मौजूदा प्रणाली की लिफ्टिंग क्षमता के 1.1 टीएमसी (हजार मिलियन घन फीट) विस्तार के लिए ईएंडएम, एचएंडएम तथा संबद्ध सिविल कार्य | तेलंगाना | कालेश्वरम सिंचाई परियोजना निगम लिमिटेड (केआईपीसीएल) | | i. प्राप्त<br>तथापि, अतिरिक्त 1 टीएमसी जल के लिफ्टिंग कार्य को जल शक्ति मंत्रालय की दिनांक 15.07.2021 की अधिसूचना अननुमोदित परियोजना सूची के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया है।<br>केआईपीसीएल ने दिनांक 15.11.2021 के पत्र द्वारा जल शक्ति मंत्रालय से अधिसूचना की अननुमोदित सूची से अतिरिक्त 1 टीएमसी को हटाने का अनुरोध किया है और राज्य सरकार इस संबंध में जल शक्ति मंत्रालय से बातचीत कर रही है।<br>ii. प्राप्त |
| आरईसी लिमिटेड | लिंक 2 के अंतर्गत उप-केन्द्रों और पारेषण लाइनों का निर्माण | तेलंगाना | | | |
| आरईसी लिमिटेड | लिंक 1 के अंतर्गत गोदावरी नदी पर मेडिगड्डा बैराज से श्रीपद यल्लमपल्ली परियोजना (एसवाईपी) में जलाशय को प्रतिदिन अतिरिक्त 1 टीएमसी जल की लिफ्टिंग के लिए ईएंडएम, एचएंडएम तथा संबद्ध सिविल कार्य | तेलंगाना | | | |
| आरईसी लिमिटेड | लिंक 4 के अंतर्गत मिड मनायर जलाशय से श्रीकुमारावेल्ली मल्लाना सागर जलाशय को प्रतिदिन अतिरिक्त 1 टीएमसी जल की लिफ्टिंग के लिए ईएंडएम, एचएंडएम तथा संबद्ध सिविल कार्य | तेलंगाना | | | |
| आरईसी लिमिटेड | लिंक 4 के अंतर्गत उप-केन्द्रों और पारेषण लाइनों का निर्माण | तेलंगाना | | | |
| आरईसी लिमिटेड | राघवपुर, डिंडोरी | मध्य प्रदेश | नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड (एनबीपीसीएल) | i. सीडब्ल्यूसी स्वीकृति<br>ii. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्वीकृति | i. उधारकर्ता ने सूचित किया था कि परियोजना के लिए अपेक्षित स्वीकृतियां अभी प्राप्त की जानी हैं।<br>ii. उधारकर्ता ने सूचित किया था कि परियोजना के लिए अपेक्षित स्वीकृतियां अभी प्राप्त की जानी हैं। |
| आरईसी लिमिटेड | बसानिया, मंडला | मध्य प्रदेश | | | |
| आरईसी लिमिटेड | चिंकी बोरास बैराज, होशंगाबाद | मध्य प्रदेश | | | |
| आरईसी लिमिटेड | शक्करपेंच लिंक, नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा | मध्य प्रदेश | | | |
| आरईसी लिमिटेड | दुधी छिंदवाड़ा, होशंगाबाद | मध्य प्रदेश | | | |
| आरईसी लिमिटेड | होशंगाबाद बैराज, सिहोर | मध्य प्रदेश | | | |
| आरईसी लिमिटेड | हंडिया बैराज, देवास | मध्य प्रदेश | | | |
| आरईसी लिमिटेड | मोरंडगंजल, हरदा, खण्डवा, होशंगाबाद | मध्य प्रदेश | | | |
| आरईसी लिमिटेड | कोझीकोड जिले में कुट्टियाडी गुलिकापुझा पर पेरिनचेरी कडावु | केरल | केरल अवसंरचना निवेश निधि बोर्ड | i. सीडब्ल्यूसी स्वीकृति | i. उधारकर्ता ने सूचित किया है कि इन परियोजनाओं के |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | के अप स्ट्रीम रेगुलेटर सह पुल का निर्माण | | (केआईआईएफबी) [*परियोजनाएं केरल सिंचाई अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (केआईआईडीसी) द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं] | ii. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्वीकृति | कार्यान्वयन के लिए किसी स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है।<br>ii. उधारकर्ता ने सूचित किया है कि इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए किसी स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। |
| आरईसी लिमिटेड | मूर्ककनाड्ड पंचायत, मल्लपपुरम जिले में केझमुरीकडावु, मुथिकयाम में थुथापुजा पर आरसीबी का निर्माण | केरल | | | |
| आरईसी लिमिटेड | पिनाराईपंचायत में पराराम में अंजारकांडी नदी पर लॉक सहित रेगुलेटर का निर्माण | केरल | | | |
| आरईसी लिमिटेड | पुदुक्कड़ पंचायत में कनाथोड्ड आरसीबी का निर्माण | केरल | | | |
| आरईसी लिमिटेड | छप्परपदावु पंचायत, थलीपरमाबा तालुक, कन्नूर जिले में कूवेरी, कट्टमपल्ली में कुप्पम नदी पर आरसीबी का निर्माण, | केरल | | | |
| आरईसी लिमिटेड | एर्नाकुलम जिले के उदयमपेरूर पंचायत में पुथेनकावु में कोनोथुपुझा नदी पर लॉक सहित रेगुलेटर का निर्माण | केरल | | | |
| आरईसी लिमिटेड | पूलक्कडवु में केडब्ल्यूए पंपिंग हाउस के पास पूनूर पुझा पर आरसीबी का निर्माण | केरल | | | |
| आरईसी लिमिटेड | पेरूवेम्बु ग्राम पंचायत में वडकरपल्ली पलाथुल्ली में चितूरपुझा पर आरसीबी का निर्माण | केरल | | | |
| आरईसी लिमिटेड | मलप्पुरम में मंजेरी नगर पालिका में पुझंकवु में कदलुंडी नदी पर रेगुलेटर सह पुल का निर्माण | केरल | | | |
| आरईसी लिमिटेड | केरल के विभिन्न जिलों में 16 जलापूर्ति/जल पम्पिंग स्टेशन परियोजनाओं के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रो-मैकेनिकल, पंपिंग स्टेशन और हाइड्रो प्रणाली कार्य | केरल | केरल अवसंरचना निवेश निधि बोर्ड (केआईआईएफबी) [*परियोजनाएं केरल जल प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं] | | i. केआईआईएफबी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार किसी सीडब्ल्यूसी अनुमोदन का आवश्यकता नहीं है।<br>ii. केआईआईएफबी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार आवश्यक नहीं है। |

* जल शक्ति मंत्रालय की दिनांक 15 जुलाई, 2021 की अधिसूचना के अनुसार सभी आवश्यक स्वीकृतियां एवं अनुमोदन प्राप्त करने के लिए पीआरएलआईएस परियोजना को 15 जनवरी, 2022 तक की समय-सीमा प्रदान की गई थी। दी गई समय-सीमा के बाद ऋण के लिए कोई संवितरण नहीं किया गया है।

** रायलसीमा सूखा शमन स्कीम के लिए ऋण दस्तावेज तैयार किए जाने अभी शेष हैं। इस प्रकार, पीएफसी द्वारा स्वीकृत ऋण के निमित्त कोई संवितरण नहीं किया गया है।

***************

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1599**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली**

**1599. डॉ. अमर पटनायक:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 1000 मेगावाट हर्ट्ज बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के अधिष्ठापन संबंधी परियोजना की प्रगति की स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश में बीईएसएस की अदोहित क्षमता का अनुमान लगाने और इसके लक्षित बाजार हेतु कोई अध्ययन करवाया है;

(ग) क्या सरकार के पास देश में बीईएसएस के प्रापण और उपयोग हेतु कोई विस्तृत दिशा-निर्देश है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) :** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधीन सरकारी स्वामित्व वाली एक कंपनी, सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई), ने 1000 मेगावाट हर्ट्ज बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों (बीईएसएस) की स्थापना हेतु दिनांक 14 अक्तूबर, 2021 को रुचि की अभिव्यक्ति जारी की है।

**(ख) :** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए)/विद्युत मंत्रालय (एमओपी) ने वर्ष 2029-30 के लिए इष्टतम विद्युत उत्पादन क्षमता मिश्र पर एक रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट अपेक्षित भंडारण क्षमता प्रदान करने के लिए वाणिज्यिक रूप से नियोजित समाधानों के रूप में पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज सिस्टम (पीएसपी) एवं बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) अभिनिर्धारित करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 27,000 मेगावाट/108,000 मेगावाट हर्ट्ज (4-घंटे भंडारण) की बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता को वर्ष 2029-30 में संस्थापित क्षमता के भाग के रूप में प्रक्षेपित किया गया है।

**(ग) और (घ) :** बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की खरीद एवं उपयोग हेतु मानक बोली दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

*************

**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1600**

**जिसका उत्तर 15 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**देश में बिजली संकट**

**1600. डॉ. हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुर:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में विद्युत संकट लगातार गहराता जा रहा है;

(ख) क्या सरकार ने देश में इस स्थिति में सुधार लाने हेतु राज्यों के सहयोग से कोई कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क)** : देश में विद्युत का कोई संकट नहीं है। दिनांक 28 फरवरी, 2022 तक की स्थिति के अनुसार, संस्थापित उत्पादन क्षमता लगभग 395.6 गीगावाट है जो देश में विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। वर्तमान वर्ष के दौरान विद्युत की व्यस्ततम मांग केवल 203 गीगावाट हुई थी।

**(ख) से (घ) :** विद्युत एक समवर्ती सूची का विषय है। केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयूज) के माध्यम से केन्द्रीय क्षेत्र में विद्युत संयंत्रों की स्थापना और उनसे विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विद्युत के आबंटन द्वारा राज्य सरकार के प्रयासों का अनुपूरण करती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपने स्वयं के उत्पादन, अंतर-राज्यीय उत्पादक स्टेशनों से हिस्से, जिसमें द्विपक्षीय आधार पर और विद्युत एक्सचेंजों के माध्यम से विद्युत क्रय करने वाले केन्द्रीय क्षेत्र के उत्पादक स्टेशन शामिल हैं, जैसे विभिन्न स्रोतों से अपनी संबंधित ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति करते हैं।

इसके अतिरिक्त, केन्द्र सरकार सभी घरों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायता के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), एकीकृत विद्युत विकास स्कीम (आईपीडीएस) और उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) सहित अपनी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से राज्यों के प्रयासों का अनुपूरण भी करती है।

*************